दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 59 जयपुर, बुधवार, 07 फरवरी, 2024 | माघ, कृष्ण पक्ष- द्वादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## हरदा में पटाखा फैक्टरी में आग



## 11 लोगों की मौत

### 90 से अधिक घायल

एजेंसी | हरदा (मध्य प्रदेश)


मध्य प्रदेश के हरदा में मगरदा रोड स्थित बैरागढ़ रेहटा में पटाखा फैक्टरी में मंगलवार सुबह आग लग गई। इसके बाद भयानक विस्फोट होने लगे। ब्लास्ट इतने तेज थे कि आसपास की इमारतों को भी उन्होंने हिला दिया। आग ने आसपास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। 11 लोगों की मौत हो गई है। यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। इस घटना में 90 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से 17 गंभीर घायलों को इलाज के लिए इंदौर, भोपाल और नर्मदापुरम भेजा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने यह भी कहा कि हादसे में मारे गए लोगों के परिवार की जिम्मेदारी सरकार उठाएगी। उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का खर्च भी सरकार ही उठाएगी। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी घटना पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष से प्रत्येक मृतक के रिश्तेदार को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 की आर्थिक सहायता की घोषणा की है।

**महाराष्ट्र की सियासत:** चुनाव आयोग से शरद पवार को बड़ा झटका, भतीजे के पक्ष में आया फैसला

# अजित गुट ही असली NCP... चुनाव चिह्न 'घड़ी'

एजेंसी | नई दिल्ली

महाराष्ट्र की सियासत को लेकर बड़ा फैसला आया है। चुनाव आयोग ने अजित पवार वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को ही असली एनसीपी करार दिया है। फैसला दिग्गज राजनेता और अजित के चाचा शरद पवार के लिए बड़ा झटका है। छह महीने से अधिक समय तक चली 10 से अधिक सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने एनसीपी में विवाद का निपटारा किया और अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट के पक्ष में फैसला सुनाया। अब एनसीपी का नाम और चुनाव चिह्न 'घड़ी' अजित पवार के पास रहेगा।



### शरद गुट से नई पार्टी के लिए मांगें तीन नाम

अब चुनाव आयोग ने शरद गुट के सामने वन टाइम ऑप्शन रखते हुए नई पार्टी के गठन के लिए तीन नाम मांगे हैं। आयोग इस मामले पर 7 फरवरी को दोपहर 3 बजे विचार करेगा। गौरतलब है कि शरद पवार के भजीते अजित राकांपा से बगावत कर भाजपा के साथ चले गए और महाराष्ट्र के उपमुख्य मंत्री बने। इसके बाद से ही दोनों के बीच पार्टी के नाम और चिह्न को लेकर विवाद चल रहा था।

### क्या है मामला?

बीते साल महाराष्ट्र की सियासत में बड़ा उलटफेर हुआ, जब अजित पवार ने एनसीपी से बगावत कर दी। पार्टी में फूट के बाद एनसीपी पर अधिकार पर चाचा-भतीजे आमने-सामने आ गए। अजित पवार गुट ने चुनाव आयोग में हलफनामा दायर किया। वहीं, शरद पवार खेमे ने भी चुनाव आयोग में एक कैविएट दायर कर अनुरोध किया कि पार्टी की लड़ाई के संबंध में कोई भी निर्देश पारित करने से पहले उनकी बात सुनी जाए। इसके बाद चुनाव आयोग ने दोनों पक्षों के दस्तावेज जांचें और दलीलें सुनीं।

भजन सरकार विधानसभा में चर्चा के बाद करेगी बिल पास

# प्रदेश में जल्द लागू होगा UCC कानून

बेधड़क | जयपुर

केंद्र की भाजपा सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के पक्ष में रही है। केंद्र भी इसे लागू करने के पक्ष में है, लेकिन अब तक इस पर पूरी चर्चा नहीं हो पाई. वहीं, उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी को लागू करने की तैयारी कर ली है। अब इसके बाद से देश के बीजेपी शासित राज्यों में धीरे-धीरे इसे लागू करने होने लगी है। इस मामले में राजस्थान सरकार तैयारियों में आगे दिख रही है। कहा जा रहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सबसे ज्यादा इसके सपोर्ट में हैं और जल्द ही UCC को प्रदेश में लागू किया जाएगा। उधर, कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी यूसीसी के सपोर्ट में हैं और उन्होंने उत्तराखंड की धामी सरकार को यूसीसी लागू करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस जल्द ही राजस्थान में लागू किया जाएगा।




### मौजूदा सत्र में ही UCC पर होगी चर्चा

कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी इस महत्वपूर्ण बिल को लाना चाहते थे। अब उत्तराखंड इसे लागू करने में पहला राज्य बना है तो हम चाहते हैं कि राजस्थान इस मामले में दूसरा राज्य मिले। उन्होंने कहा कि इस कानून को लागू करने में सीएम भजन लाल शर्मा काफी एग्रेसिव है और उन्होंने सभी को निर्देश भी दे दिया है। उन्होंने बताया कि मौजूदा सत्र में ही यूसीसी पर चर्चा कराया जाएगा। अगर समय अपर्याप्त होगा तो इसे अगले सत्र में लाया जाएगा, लेकिन राजस्थान में इसे जरूर पास किया जाएगा।



### उत्तराखंड ने सबसे पहले विधेयक पेश कर रचा इतिहास

**देहरादून।** दो साल की कसरत के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) उत्तराखंड विधेयक 2022 रखकर इतिहास रच दिया। सदन में बिल पेश करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य हो गया है। विधेयक में प्रावधान के मुताबिक, बेटा और बेटी को संपत्ति में समान अधिकार देने और लिव इन रिलेशनशिप में पैदा होने वाली संतान को भी संपत्ति का हकदार माना गया है। अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों पर यूसीसी लागू नहीं होगा। बिल पर बुधवार को चर्चा होगी। इसके बाद पारित होने की संभावना है।

■ पेज 8 भी देखें

### UCC के सवाल पर बचते नजर आए कांग्रेस नेता

**सीकर।** कांग्रेस कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली UCC के सवाल पर बचते नजर आए। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा ने इस पर कोई बयान नहीं दिया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि आज पूरे देश का युवा केंद्र की नीतियों की वजह से दुखी है। उत्तराखंड सरकार ने क्या किया वह उत्तराखंड जाने।

राज्यपाल ने दिलाई शपथ

## श्रीवास्तव बने राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश



बेधड़क | जयपुर

जस्टिस एमएम श्रीवास्तव राजस्थान हाईकोर्ट के 42वें मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं। राज्यपाल कलराज मिश्र ने नए मुख्य न्यायाधीश को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जस्टिस श्रीवास्तव ने हिंदी में शपथ ली। समारोह के प्रारंभ में मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राज्यपाल से मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव को शपथ दिलवाने का आग्रह किया। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा जारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति अधिसूचना एवं वारंट पढ़कर सुनाया। समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, मंत्रिमंडल के सदस्य समेत राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, अधिकारी मौजूद रहे।

## नाबालिग बहनों से रेप करने वाले पिता को 123 साल की जेल

एजेंसी | तिरुवंतपुरम

नाबालिग बेटियों से रेप करने वाले हैवान पिता को अदालत ने 123 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही करीब 9 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। मामला 2022 का है, जब नाबालिग बहनों से पुलिस के पास शिकायत पहुंची कि उनका पिता एक साल से उनका यौन शोषण कर रहा है। इस घटना के सामने आने से पूरा देश दहल उठा था। केरल के मलप्पुरम शहर में अपनी दो बेटियों से हैवानियत करने वाले कलयुगी पिता को कोर्ट ने 123 साल कैद की सजा सुनाई। मामले में सुनवाई मंजेरी की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने की।



घटना साल 2021 से 2022 के बीच की बताई जा रही है। पीड़ित लड़कियों के मुताबिक, उनका पिता उनके साथ ऐसी घिनौनी हरकत एक साल से कर रहा था। वारदात के वक्त बहनों की उम्र 11 और 12 साल थी। कोर्ट ने रेप के दोषी पिता पर 8.85 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

## जरूरी खबर

### सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को दो विकेट से हराया



**नई दिल्ली।** भारत ने आईसीसी मेंस अंडर19 वर्ल्ड कप 2024 सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को दो विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। अंडर-19 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने 50 ओवर में सात विकेट खोकर 244 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही लेकिन सचिन और उदय सहारन के बीच हुई शतकीय साझेदारी की बदौलत 7 गेंद शेष रहते फाइनल का टिकट कटाया। भारत की ओर से सचिन ने 96 और उदय ने 81 रन की पारी खेली।

### RPSC: दस्तावेज जांच में पकड़े दो डमी अभ्यर्थी

**जयपुर।** आरपीएससी द्वारा की जा रही अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच के दौरान मूल अभ्यर्थी के स्थान पर डमी अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा देने का एक और मामला सामने आया है। आयोग द्वारा मंगलवार को डमी अभ्यर्थी को पुलिस के सुपुर्द करते हुए मूल अभ्यर्थी व अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध अजमेर में मामला दर्ज कराया है। आयोग द्वारा इससे पूर्व भी ऐसे 10 प्रकरणों को उजागर कर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जा चुकी हैं।




### ईरान में भारतीयों को बिना वीजा के मिलेगी एंट्री

एजेंसी | तेहरान

ईरान जाने की इच्छा रखने वाले भारतीयों के लिए एक बड़ी खबर आई है। ईरान ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा की जरूरतों को खत्म कर दिया है। ईरान सरकार ने भारत के नागरिकों के लिए वीजा को खत्म करने की मंजूरी दी है। इससे ईरान में भारतीय टूरिज्म के बढ़ने की संभावना है। हालांकि इसमें भी कुछ शर्तें शामिल हैं। सामान्य पासपोर्ट रखने वाले व्यक्तियों को अब बिना वीजा के ईरान में प्रवेश की इजाजत दी जाएगी, लेकिन कुछ प्रतिबंध भी रहेंगे।

लॉरेंस गैंग पर कसा शिकंजा

# बेनीवाल को धमकी... AGTF अलर्ट, गैंगस्टर नेहरा जेल से अरेस्ट

- आरोपी संपत नेहरा था बठिंडा की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद
- नेहरा लॉरेंस और गोदारा के लिए कर रहा था जेल से काम
- छह साल में प्रदेश की सबसे बड़ी क्राइम कंपनी बनी लॉरेंस गैंग

बेधड़क | जयपुर

गैंगस्टर संपत नेहरा को बठिंडा हाई सिक्योरिटी जेल से पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी नेहरा फिलहाल चूरू पुलिस की कस्टडी में है। नेहरा को तीन दिन की रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के अधिकारी संपत से पूछताछ करेंगे। नेहरा से हनुमान बेनीवाल को मिली धमकी के संबंध में पूछताछ की जाएगी। माना जा रहा है कि बेनीवाल पर नेहरा ने लॉरेंस गैंग के इशारे पर जेल से गैंग के



अन्य साथियों से मिलकर हमला कराने की तैयारी कर ली थी। इसके अलावा राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के मुख्य आरोपी के संबंध में पूछताछ की जाएगी। नेहरा की गिरफ्तारी के बाद एजीटीएफ के अफसरों ने राजस्थान के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व पंजाब में कुछ संदिग्ध बदमाशों के ठिकानों पर भी दबिश दी है।

### गोदारा धमकाता, संपत हिसाब लेता और चारण देता था हथियार

पड़ताल में सामने आया कि रोहित गोदरा लॉरेंस के सबसे करीबी लोगों में से एक है। बड़े कारोबारियों से रंगदारी मांगने के लिए धमकी देने का काम रोहित करता है। संपत लॉरेंस गैंग के लिए भारत में मनी ट्रेल का काम देखता है। हत्या की साजिश संपत ही तय करता है कि इसे अंजाम देने के लिए किसी जाति के शूटर मौके पर जाएंगे। जबकि वीरेंद्र चारण गैंग के शूटर्स के लिए राजस्थान ही नहीं, देश के दूसरे राज्यों में भी अत्याधुनिक हथियार मुहैया करवाता है।

### पुलिस नहीं तोड़ पा रही लॉरेंस गैंग के नेटवर्क को

प्रदेश में 6 साल में लॉरेंस की सबसे बड़ी क्राइम कंपनी बन चुकी है। कंपनी हर टास्क के लिए अलग टीम और हर मूव के लिए अलग आदमी है। कौन क्या कर रहा है, इसकी जानकारी एक-दूसरे को नहीं होती। यानी रेकी कौन करेगा? शूटर्स कौन होंगे? हथियार कौन देगा? गाड़ियां कहां से आएंगी? भागने का रूट क्या होगा व रुकेंगे कहां, इसकी जानकारी लॉरेंस व टीम लीडर्स के अलावा किसी को नहीं होती। 2 साल से प्रदेश में बड़े पैमाने पर अवैध वसूली व रंगदारी का लगभग पूरा काम लॉरेंस गैंग कर रही है, लेकिन राजस्थान पुलिस लॉरेंस गैंग के नेटवर्क को नहीं तोड़ पा रही। पुलिस के हाथ छोटे गुर्गों व उनकी मदद करने वालों से आगे नहीं बढ़ रहे। शूटर्स व शेल्टर मेन को ही पुलिस ने पकड़ा है, हथियार देने वाला अभी तक हत्थे नहीं चढ़ा है।

**लॉरेंस व गोल्डी की हर गुर्गे पर नजर:** लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सरगना है। इसके अलावा कनाडा में बैठा सतविंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ पूरे गैंग रीढ़ की हड्डी है। लॉरेंस व गोल्डी गैंग के हर गुर्गे पर बारीकी से नजर रखते हैं। लॉरेंस का भांजा सचिन गुर्गे भर्ती करने और टारगेट ढूंढ़ने का काम करता है। ऑस्ट्रिया से अनमोल और कनाडा से विक्रम बराड़ हवाला का पैसा विदेश में खपाते हैं।

## जरूरी खबर

### आरक्षण आंदोलन में दर्ज केस वापस लेने की मांग



**बेधड़क. जयपुर।** गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैसला ने मंगलवार को पुलिस महानिदेशक से मिलकर गुर्जर आरक्षण आंदोलन के लंबित मुकदमों के निस्तारण के लिए के लिए चर्चा की। डीजी ने आश्वासन दिया की सरकार समझोतों से वचनबद्ध है। जल्द ही पेंडिंग मुकदमों का समझोते के अनुसार निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूरा भगत, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रभारी वेदप्रकाश कटारा सहित आरक्षण संघर्ष समिति के सदस्य शामिल हुए।

### सालाना इजलास में जुटेंगे देश के इस्लामी विद्वान

**बेधड़क. जयपुर।** सुन्नी दावत-ए-इस्लामी शाखा जयपुर का 5वां सालाना सुन्नी इज्तेमा 8 फरवरी को चार दरवाजा स्थित मस्जिद शेखान के समीप आयोजित होगा। इसमें देश-विदेश के इस्लामी विद्वान मुफ्ती, क़ारी, हाफिज, मौलवी, हजरात सहित इस्लामिक फिलॉसोफर्स आएंगे। 'जश्ने ताजदारे शबे असरा' नामक इस कार्यक्रम एवं अधिवेशन के कन्वीनर मौलाना सैयद मोहम्मद कादरी के अनुसार मुफ्ती-ए-शहर अब्दुस्सत्तार रजवी की जेरे सरपरस्ती व मौलाना जाहिद हुसैन नूरी की जेरे हिमायत में होने वाले इजलास के मुख्य वक्ता मौलाना हाफिज एहसान इकबाल कादरी होंगे। वहीं सदारत मौलाना हाफिज व क़ारी एहतराम आलम अजीजी करेंगे।

### वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग पर होगी कार्रवाई



**बेधड़क. जयपुर।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य सैयद शहजादी ने मंगलवार को अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था एवं वक्फ की जमीनों के बारे में भी जानकारी ली। राज्य की वक्फ संपत्तियों के हो रहे दुरूपयोग व अवैध कब्जों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की अतिक्रमण करने वालों को जमीन खाली करने का आख़री नोटिस दिया जाए। इसकी अवहेलना की स्तिथि में तत्काल प्रकरण को वक्फ ट्रिब्यूनल के संज्ञान में ला सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### लोकसभा आम चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिए दिशा-निर्देश

# चुनाव में विभागीय समन्वय एवं इंटिलिजेंस शेयरिंग जरूरी

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने लोकसभा आम चुनाव-2024 की तैयारी के लिए निर्वाचन से पूर्व एवं निर्वाचन अवधि के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियो के नोडल अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।




इंटर डिपार्टमेंटल समन्वय एवं इंटिलिजेंस शेयरिंग पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से विशेष जोर दिया गया। गुप्ता लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जयपुर में सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल अधिकारियों की निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से संबंधित समीक्षात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में राजस्थान पुलिस, एक्साइज विभाग, वन विभाग, वाणिज्य एवं कर विभाग, नागरिक विमानन विभाग, स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी, भारतीय रिजर्व बैंक, विमानपत्तन प्राधिकरण, आयकर विभाग, सीजीएसटी जयपुर जोन, बीएसएफ राजस्थान, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स, पोस्टल सर्विसेज, डीआरआई एवं सीआईएसएफ के नोडल अधिकारियों सहित निर्वाचन विभाग के उच्च अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में विधानसभा चुनावों के दौरान आई विभिन्न समस्याओं के बारें में चर्चा कर सुझाव प्राप्त किए गए। शराब, ड्रग्स एवं मादक पदार्थों के मार्ग के बारे में चर्चा की गई एवं इन मार्गों पर विशेष निगरानी एवं चेक पोस्ट स्थापित किए जाने के निर्देश दिए गए। हवाई पट्टी एवं हेलिपैड पर चैकिंग संबंधी एसओपी की जानकारी प्रदान की गई। बैठक में उपस्थित सभी नोडल अधिकारियों को आगामी चुनाव के मद्देनजर जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक प्रशिक्षण देने के लिए निर्देशित किया गया।

### पिछली कार्रवाई पर चर्चा व समीक्षा

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बैठक में संबंधित विभागों ने प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें विभाग के संगठनात्मक ढांचा एवं कार्यप्रणाली के साथ ही पिछले 3-6 महीनों में विभाग द्वारा संवेदनशीलता की प्रकृति के आधार पर की गई कार्रवाई एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। साथ ही विधानसभा आम चुनाव 2018 व 2023 एवं लोकसभा आम चुनाव 2019 के दौरान की गई नकदी, शराब, मादक पदार्थ, कीमती धातु एवं अन्य सामग्री जब्ती एवं रिलीज की अद्यतन सूचना का प्रस्तुतीकरण किया गया।

### विभागों में आपसी समन्वय जरूरी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में जानकारी देते हुए सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने जिला स्तरीय अधिकारियों को ईएसएमएस पोर्टल पर जोड़ें। सभी विभागों को आपस में समन्वय कर सीजर सें संबंधित आवश्यक जानकारी साझा करने के निर्देश दिए। गुप्ता ने बताया कि बैठक में प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल ऑफिसर के साथ निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के विशेष संदर्भ में लोकसभा चुनावों की तैयारी के लिए निर्वाचन से पूर्व एवं निर्वाचन अवधि के दौरान किये जाने वाले कार्यों की आवश्यक रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही निर्वाचन से संबंधित कई तरह की सूचनाएं व जानकारियां शेयर की गई।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जनसुनवाई केन्द्र के लोकार्पण में बोले...

# परिवेदनाओं का शीघ्र निस्तारण कर सीएमओ में भी भेजें रिपोर्ट

**बेधड़क** | जयपुर

■ मुख्यमंत्री का भरतपुर संभाग दौरा, अधिकारियों को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को दूसरे दिन भी भरतपुर दौरे पर रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने गृह जिले को कई सौगातें दी। इसके तहत मुख्यमंत्री ने भरतपुर के ट्रैफिक चौराहे पर स्थित मुख्यमंत्री जनसुनवाई केन्द्र का फीता काटकर लोकार्पण किया।

साथ ही ऋण योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए। इस दौरान सीएम भजनलाल ने जनसुनवाई केंद्र परिसर का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जनसुनवाई केन्द्र में विशेषाधिकारी लगाकर कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे आमजन की परिवेदनाओं का स्थानीय स्तर पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई केन्द्र पर आमजन के अभाव-अभियोग सुने।

उन्होंने आमजन की एक-एक परिवेदना को संवेदनशीलता के साथ सुनकर अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त परिवेदनाओं पर कार्रवाई रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भी नियमित रूप से भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के निस्तारण कोताही नहीं बरतें। वहीं सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ जरूरतमंदों को मिले, इसके लिए अधिकारी पूरी मुस्तैदी से कार्य करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### ठाकुरश्री बांके बिहारी से मांगी प्रदेश की खुशहाली

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर संभाग दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को भरतपुर किले में विराजे ठाकुर श्रीबांके बिहारी के दर्शन किए। मुख्यमंत्री शर्मा ने धर्मपत्नी गीता शर्मा के साथ दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली, सुख-समृद्धि व उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से आत्मीयतापूर्वक संवाद भी किया। इस दौरान मंदिर के पुजारी ने मुख्यमंत्री को शॉल व श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मंदिर में मुख्यमंत्री के साथ गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, सांसद रंजीता कोली, विधायक जगत सिंह, शैलेश सिंह, संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### लाभार्थियों को बांटे लोन के चेक

मुख्यमंत्री शर्मा ने जनसुनवाई के बाद भरतपुर व डीग जिले में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 600 स्वयं सहायता समूहों को 9 करोड़ रुपए की ऋण राशि के चेक वितरित किए। इससे 7200 महिलाओं के परिवार लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को भी ऋण स्वीकृति के चेक प्रदान किए। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक शैलेश सिंह, संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश, भरतपुर जिला कलेक्टर लोकबंधु सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### ओवरलोड के जुर्माने से बचने का तरीका

# वाहन को जीपीएस से लॉक और नंबर प्लेट पर ग्रीस लगा रहे चालक



**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में ओवरलोड वाहन चालक राजस्व चोरी के नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। परिवहन विभाग की कार्रवाई में ओवरलोड वाहन जब्त नहीं जा सके इसके लिए वाहनों को जीपीएस से लॉक करने और नंबर प्लेट पर ग्रीस लगाकर धुंधली करने के मामले सामने आए हैं। परिवहन विभाग ने कार्रवाई करते हुए मामलों का खुलासा किया है।

विभाग की टीम ने जिले में हाइवें से 7 वाहनों में 20 टन ओवरलोड माल और अन्य 8 वाहनों से 40 मीट्रिक टन माल बरामद किया है। वहीं 35 ओवरलोड वाहनों को चंदवाजी थाने एवं अन्य जगहों पर जब्त करवाया है। साथ ही मुकेश नाम के व्यक्ति के खिलाफ चंदवाजी थाने में राजकार्य का मुकदमा दर्ज करवाया है। जानकारी के अनुसार परिवहन विभाग के अधिकारियों के सामने यह जानकारी आई कि कुछ ओवरलोड वाहन चालक अपने वाहनों को कार्रवाई से बचाने के लिए जीपीएस से लॉक करने के साथ ही नंबर प्लेट को ग्रीस लगाकर अपठनीय कर देते हैं। ऐसे में इन वाहन चालकों पर कार्रवाई करना जरूरी है। इस पर उच्चाधिकारियों ने एक गुप्त योजना बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके तहत प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जयपुर द्वितीय धर्मेन्द्र कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जयपुर द्वितीय मनीष कुमार शर्मा के नेतृत्व में चंदवाजी थाना क्षेत्र में इन वाहनों पर कार्रवाई की। कार्रवाई को अंजाम देने के लिए विशेष योजना बनाकर जीपीएस मैकेनिक और मोटर मैकेनिक व वाहन चालकों को हायर कर साथ रखा गया। इसके लिए पहले एक योजना बनाकर उन जगहों की पहचान की गई, जहां पर ओवरलोड वाहनों को संरक्षण मिलता है। इसके बाद ओवरलोड वाहनों को चालकों के भाग जाने पर उठाकर पुलिस थाना चंदवाजी व अन्य स्थानों पर जब्त किया गया।




### उत्तर पश्चिम रेलवे ने जारी किया शेड्यूल

# कई रेल गाड़ियों का मार्ग बदला

**बेधड़क** | जयपुर

उत्तर मध्य रेलवे की ओर से प्रयागराज मंडल पर प्रयागराज-पं. दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के बीच जिवनाथपुर स्टेशन पर दोहरीकरण कार्य के कारण नॉन इंटरलॉकिग कार्य किया जा रहा है। इसके चलते यहां रेल यातायाता प्रभावित रहेगा।



उत्तर पश्चिम रेलवे ने कई रेलगाड़ियों का रूट बदला है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 15632, गुवाहाटी-बाडमेर एक्सप्रेस रेलसेवा 8 फरवरी को रवाना होकर परिवर्तित मार्ग वाया दीनदयाल उपाध्याय-वाराणसी-प्रयागराज होकर संचालित होगी। गाडी संख्या 12496, कोलकाता-बीकानेर एक्सप्रेस रेलसेवा 9 फरवरी को कोलकाता से रवाना होगी और परिवर्तित मार्ग वाया दीनदयाल उपाध्याय-वाराणसी-प्रयागराज रामबाग- प्रयागराज होकर संचालित होगी। गाडी संख्या 15634, गुवाहाटी-बीकानेर एक्सप्रेस रेलसेवा 10 फरवरी को गुवाहाटी से रवाना होकर परिवर्तित मार्ग वाया दीनदयाल उपाध्याय-वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज होकर संचालित होगी। गाडी संख्या 12324, बाडमेर-हावडा एक्सप्रेस रेलसेवा 10 फरवरी को बाडमेर से होकर परिवर्तित मार्ग वाया प्रयागराज-प्रयाग जं.-जंघई जं.-वाराणसी-दीनदयाल उपाध्याय होकर संचालित होगी।

### तीन दिन में केंद्र सरकार से वार्ता के आश्वासन पर...

# अनशन समाप्त, महापड़ाव अभी जारी

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्र में ओबीसी आरक्षण की मांग को भरतपुर-धौलपुर के जाट समाज का जयचोली में चल रहा महापड़ाव फिलहाल जारी रहेगा। वहीं तीन दिन में केंद्र सरका से वार्ता का आश्वासन मिलने के बाद कई धरनार्थियों की ओर से किया जा रहा आमरण अनशन मंगलवार को समाप्त हो गया।



राज्य सरकार से सकारात्मक वार्ता और तीन दिन में केंद्र सरकार से वार्ता के आश्वासन के बाद अनशनकारियों को जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया गया। संयोजक नेम सिंह फौजदार का कहना है कि आरक्षण मिलने तक महापड़ाव जारी रहेगा। राज्य सरकार की ओर से गठित चार सदस्यों की कमेटी एवं भरतपुर-धौलपुर जाट आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार के नेतृत्व में आठ सदस्यों की कमेटी के बीच सोमवार को जयपुर में वार्ता हुई। राज्य सरकार की तरफ से मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, मंत्री अविनाश गहलोत, गृह सचिव आनंद कुमार, प्रमुख सचिव कार्मिक विभाग हेमंत गेरा ने भाग लिया। भरतपुर-धौलपुर जाट आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने मंगलवार को जयचोली पहुंचकर कहा कि हम पहले ही तय कर चुके हैं कि जब तक आरक्षण नहीं मिलेगा, तब तक महापड़ाव जारी रहेगा। राज्य सरकार ने हमको वार्ता के लिए बुलाया था।

राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी के सदस्यों ने हमको लिखित में आश्वासन दिया है कि तीन दिन के अंदर केंद्र सरकार से वार्ता होगी और आरक्षण कहां रुका हुआ है उस पर काम किया जाएगा। संघर्ष समिति की जानकारी के बाद अनशन कर रहे अनशनकारियों ने आमरण अनशन को समाप्त करने का निर्णय लिया।

### रेलवे व आरपीएससी ने निकाली बंपर भर्तियां

# लोस चुनाव से पहले युवाओं को लुभाने के लिए खोला भर्तियों का पिटारा

**बजरंग लाल बुनकर** | बेधड़क

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही युवा मतदाताओं को अपनी तरफ करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार ने नौकरी के लिए भर्तियों का पिटारा खोल दिया है। पिछले एक महीने में बेरोजगारों के लिए बंपर भर्तियां निकाली है।

हाल ही में रेलवे ने भर्तियों का कैलेंडर जारी किया है। इसमें सहायक लोको पायलट से लेकर अन्य पदों की भर्तियां शामिल है। सरकारी बैंकों व बीमा कंपनियों ने भी भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। उधर दिल्ली सरकार ने अपने यहां टीचर्स से लेकर लिपिक लेवल की सैकडों भर्तियां निकाली है। प्रदेश में आरपीएससी ने कई पदों पर भर्तियां निकाली है।



ऐसे में बेरोजगार युवाओं के लिए नौकरी पाने का यह सुनहरा अवसर हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर युवा गंभीर होकर तैयारी करेगा निश्चित रूप से सफलता पा सकता है। क्योंकि चुनावों के समय अधिकांश सरकारें भर्तियां निकालकर अपने पक्ष में माहौल बनाती है। इससे बेरोजगारों को फायदा मिलता है। ऐसे में तैयारी करने वाले युवा को मौका भुनाने की आवश्यकता है। वहीं भर्तियां खुलने का इंतजार कर रहे बेरोजगार युवा भी अपना भविष्य इससे तय कर सकते हैं।

### भारतीय रेलवे में इन पदों पर भर्ती

भारतीय रेलवे ने अपने यहां असिस्टेंट लॉको पायलट के लिए 5696 पदों के लिए भर्ती निकाली है। इसमें 18 से 33 साल की उम्र के युवा आवेदन कर सकेंगे। भर्ती के लिए योग्यता दसवीं पास व आईटीआई के साथ अन्य उच्च तकनीकी शिक्षा रहेगी। ईच्छुक उम्मीदवार 19 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा रेलवे ने टेक्नीशियन और एनटीपीसी, जूनियर इंजीनियर, पैरा मेडिकल व आईसोलिटेड कैटेगरी व ग्रुप डी कैटेगरी के लिए भर्तियों के लिए कैलेंडर जारी किया है। कुल मिलाकर साल 2024 में केंद्र सरकार रेलवे के माध्यम से कई युवाओं को रोजगार देने के मूड में है।

### दिल्ली सरकार ने भी निकाली 12785 नौकरियां

दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने भी युवाओं को अपनी तरफ लुभाने के लिए अपने यहां विभिन्न पदों पर करीब 12,785 भर्तियां निकाली है। इनमें टीचर्स, नर्सेज, फार्मासिस्ट, लिपिक, एमटीएस आिद पदों की भर्तियां शामिल है। बेरोजगार युवा इन पदों पर आवेदन कर सरकारी नौकरी में भाग्य आजमा सकते हैं। इसके अलावा बीमा कंपनियां, बैंक व सहित केंद्र सरकार के विभागों में भर्ती जारी है।

### RPSC-RSSB ने निकाली इन पदों पर भर्ती

- वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत विभाग): 347 पद, अंतिम तिथि 6 मार्च
- प्रोग्रामर- 216 पद, अंतिम तिथि 1 मार्च
- पशु परिचर 5942 पद, अंतिम तिथि 17 फरवरी
- प्राध्यापक (संस्कृत विभाग): 52 पद, अंतिम तिथि 29 फरवरी
- सहायक सांख्यिकी अधिकारी: 10 पद, अंतिम तिथि 24 फरवरी
- असिस्टेंट प्रोफेसर: 200 पद, अंतिम तिथि 21 फरवरी

### तैयारी करने गांवों से शहर पहुंचे युवा

भर्तियों की तैयारी करने के लिए बेरोजगार युवा गांवों से निकल शहरों में पहुंच चुके हैं। राजधानी के गोपालपुरा बाईपास सहित टोंक फाटक आिद जगहों के कोचिंगों में तैयारी करने वाले युवाओं की खासी चहल-पहल दिख रही है। वहीं हॉस्टलों और पीजी में भी एडमिशन के लिए बेरोजगारों की आवक शुरू हो गई है। शहर में कोचिंग सेंटरों ने युवाओं को तैयारी करने के लिए नए बैचेज शुरू किए हैं। कुल मिलाकर तैयारी के हिसाब से यह अवसर युवाओं के लिए खास है।

## जरूरी खबर

### जल्द होंगे रेलवे यूनियन के चुनाव, अधिसूचना जारी



**जयपुर।** रेलवे कर्मचारी संगठनों के चुनाव जुलाई-अगस्त में होंगे। रेलवे बोर्ड ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी। हालांकि, मतदान की तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। इस आदेश के साथ कर्मचारी संगठनों में हलचल तेज हो गई है। पिछले 20 साल में संगठन की मान्यता के लिए ये तीसरा चुनाव है। एनडब्ल्यूआरईयू के मंडल अध्यक्ष केएस अहलावत और मंडल मंत्री मुकेश चतुर्वेदी ने बताया कि यूनियन की मान्यता के चुनाव पहली बार मई-2007 में और दूसरी बार 2013 में हुए थे। इस बार भी कम से कम 35 प्रतिशत मत पाने वाले संगठनों को मान्यता मिल सकेगी। 2013 के चुनाव में एआईआरएफ को 17 में से 14 जोन में विजयी मिली थी।

### शक्ति दिवस पर एनीमिया स्क्रीनिंग और उपचार



**जयपुर।** शक्ति दिवस पर बच्चों, किशोरी, बालिकाओं और महिलाओं की एनिमिया की स्क्रीनिंग की गई। हीमोग्लोबिन की जांच के साथ एनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स बांटी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. बीएल मीणा ने बताया कि राजस्थान को एनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस मनाता है। इसी कड़ी में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं में एनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**दो तस्कर गिरफ्तार: 8 पिस्टल, 9 मैग्जीन और 19 जिंदा कारतूस बरामद**

# इंस्टाग्राम पर शो करते हथियार... डिमांड पर करते सप्लाई

**बेधड़क | जयपुर**

इंस्टाग्राम पर फोटो अपलोड कर वहां से डिमांड आने पर हथियारों की सप्लाई करने वाले दो बदमाशों को जयपुर कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने गिरफ्तार कर उनके पास से 8 पिस्टल, 9 मैगजीन और 19 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

गिरफ्तार दोनों बदमाश एमपी से 15 हजार रुपए में एक हथियार खरीद कर लाते थे और जयपुर में उसे 30 से 35 हजार रुपए में बेच रहे थे। मुहाना थाने में दोनों बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि दो हथियार तस्करों की जानकारी सीएसटी को मिली थी। इस पर पुलिस टीम ने दोनों बदमाशों को हथियार के साथ मुहाना इलाके में पकड़ा।

गिरफ्तार सुरेंद्र सैन व मस्तराम के पास हथियारों का जखीरा मिला। दोनों बदमाशों के खिलाफ पूर्व में भी हथियार सप्लाई के कई केस चल रहे हैं। दोनों बदमाशों से एमपी के सप्लायर के बारे में पूछताछ की जा रही है।



### एमपी से लाकर बेचते थे प्रदेश में

गिरफ्तार सुरेंद्र सैन पुत्र फूलचन्द मूल रूप से नांगलकोजू कुम्भपुरिया पुलिस थाना गोविन्दगढ जयपुर ग्रामीण का रहने वाला है। दूसरा आरोपी मस्तराम पुत्र किशनलाल मूलरूप से अरनिया थाना कैथून जिला कोटा ग्रामीण का रहने वाला है। दोनों आरोपी अवैध हथियार सप्लायर का काम कई सालों से कर रहे हैं। सुरेन्द्र सैन ने पूछताछ में बताया कि अवैध हथियारों की वह फोटो-वीडियो इंस्टाग्राम पर डालता था। इससे जिन को हथियार की जरूरत होती वह लोग फोन कर डिमांड देते। डिमांड देने वाले से एडवांस लेकर हथियारों को सैंधवा इंदौर, मध्यप्रदेश लाकर सप्लाई किया करते। यह सभी हथियार एमपी से 15-15 हजार रुपए में खरीद के लाते और उसे जयपुर में 30 से 35 हजार रुपए में बेच दिया करते थे।

### कई थानों में आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज

सुरेन्द्र सैन के खिलाफ पूर्व में थाना देई बूंदी, सामोद जयपुर ग्रामीण में भी आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। उनियारा, जिला टोंक में लूट के प्रकरण में गिरफ्तार हो चुका है। मस्तराम, सुरेन्द्र सैन के साथ मध्यप्रदेश से हथियार लाकर सप्लाई करता है। उसके खिलाफ पूर्व में मारपीट के 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपियों से अवैध हथियार के संबंध में पुलिस थाना मुहाना पूछताछ कर रही है।

**शास्त्री नगर में पेयजल लाइन का लोकार्पण, 2 लाख लोगों को मिलेगा फायदा**

# पांच ट्यूबवैल खुदेंगे, 20 हैंडपंप और दो पानी की टंकियां बनेंगी

**सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने की घोषणा**

**बेधड़क | जयपुर**

शास्त्री नगर में अब पानी की समस्या नहीं रहेगी। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने मंगलवार को सुभाष नगर पंप हाउस पर पेयजल पाइपलाइन का लोकार्पण किया।

विधायक गोपाल शर्मा ने लोकार्पण समारोह में 5 ट्यूबवैल खुदवाने और 20 हैंडपंप लगवाने के साथ ही उच्च क्षमता की दो पानी की टंकियों के निर्माण की घोषणा की। इस मौके पर जलदाय विभाग के एक्सईएन दीपक शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सोहनलाल तांबी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान शिव-हनुमान मंदिर के महंत विष्णुदेवाचार्य का भी मौजूद रहे।



### ये अधिकारी और स्थानीय लोग रहे मौजूद

अर्चना श्रीवास्तव, बनी पार्क मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, विधानसभा प्रभारी सोहन बरोदिया, बनी पार्क मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता शर्मा, सिविल लाइंस मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष इंदु परमार, बनीपार्क मंडल महामंत्री आलोक जैन, पार्षद सुभाष व्यास, पार्षद श्याम सुंदर अग्रवाल, पार्षद रवि प्रकाश सैनी, पार्षद मंजू राकेश बागड़ा, पार्षद संजय राजपुरोहित, पार्षद प्रत्याशी मनोज रावत, सहित जलदाय विभाग के पदाधिकारी और उपस्थित प्रबुद्ध जन एवं मातृ शक्ति मौजूद रही।

**15 लाख 27 हजार रुपए की आई लागत**

विधायक शर्मा ने कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से सिविल लाइंस विधानसभा के शास्त्री नगर क्षेत्र के ए, बी, डी एवं एस ब्लॉक में जर्जर पाइपलाइन को हटाकर नई पाइपलाइन बिछाई गई थी। इस परियोजना में 3 करोड़ 15 लाख 27 हजार रुपए खर्च हुए हैं। इस परियोजना से करीब दो लाख क्षेत्र वासियों को समय पर साफ पीने का मिल सकेगा। साथ ही गर्मी के मौसम में लोगों को पानी की परेशानी नहीं होगी।

## तिरंगा गर्ल तंजीम मोरानी का अनशन तुड़वाया

**जयपुर।** शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने, समान नागरिक संहिता लागू करने और नागरिकता संशोधन कानून को शीघ्र लागू करने की मांग को लेकर पिछले पांच दिन से मानसरोवर स्थित शिप्रा पथ थाने के सामने वीटी ग्राउंड पर बैठी तिरंगा गर्ल तंजीम मेरानी ने अनशन खत्म कर दिया। विधायक गोपाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने तंजीम को जूस पिलाकर उसका अनशन तुड़वाया और तंजीम के पिता आमिर मेरानी को उनकी मांगों पर मुख्यमंत्री से चर्चा करने और राजस्थान में जल्द लागू करने का वचन दिया।

सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा अनशन स्थल पर पहुंचे और तिरंगा गर्ल से उनकी मांगों के बारे में पूरी जानकारी ली और उनकी मांगों को शीघ्र पूरा किया जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद विधायक शर्मा अनशन स्थल से सचिवालय पहुंचे और शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर उन्हें विषय से अवगत करवाया और तंजीम के अनशन तुड़वाने के लिए साथ चलने को राजी किया। इसके बाद विधायक गोपाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर साथ में अनशन स्थल पहुंचे और तंजीम को जूस पिलाकर उसका अनशन तुड़वाया।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने समान नागरिक संहिता के लिए मंत्री परिषद की बैठक में प्रस्ताव रखने और नागरिकता संशोधन कानून केंद्र सरकार की योजनानुसार लागू करने का आश्वासन दिया।

**कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन**

# राष्ट्र कल्याण के लिए करेंगे हनुमान चालीसा का पाठ



**बेधड़क | जयपुर**

श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति संरक्षक एवं अध्यक्ष अमरनाथ जी एवं श्री सालासर बालाजी पुजारी परिवार के सानिध्य में 10 फरवरी को हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। राष्ट्र कल्याण के उद्देश्य से किए जा रहे इस कार्यक्रम के पोस्टर विमोचन पीएचडीसीसीआई राजस्थान चैप्टर मेंबर द्वारा मंगलवार को किया गया। इस दौरान प्रो.अतुल गुप्ता, दिग्विजय सिंह डाबरिया, सुमर सिंह शेखावत, अमित चौधरी, जितेंद्र सिंह राठौड़, राकेश कुमार गुप्ता, हरिराम रिणवा सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि 10 फरवरी को सालासर महाराज के दरबार में देशभर से लगभग 20000 से अधिक हनुमान भक्त पहुंच रहे हैं। सालासर दरबार में मुख्य द्वार के बाहर मंच के माध्यम से संपूर्ण भारत देश में 8:09 बजे 100 करोड़ लोगों को हनुमान भक्ति से जोड़कर के राष्ट्र कल्याण का संकल्प लिया जाएगा। बालाजी सरकार के दरबार से राजस्थान राज्य को जहर मुक्त केमिकल मुक्त राज्य बनाने को आधारित राज्य की संरचना के ऊपर विशेष संकल्प लेकर और बालाजी सरकार का झंडा लेकर के संपूर्ण राज्य में इस प्रकार के आयोजन बालाजी सरकार के ध्वज के माध्यम से किए जाएंगे।

**जयपुर में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री गिरा**

## सुबह ठंडक, दिन में सुहानी धूप

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी में मंगलवार को सुबह सर्द हवा चलने से हल्की सर्दी का अहसास हुआ। बाद में सुबह 8 बजे बाद से अच्छी धूप निकलना शुरू होने से गर्माहट रही। प्रदेश में एक दिन पहले हुई बारिश के बाद कई शहरों के न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जयपुर, अजमेर, उदयपुर, चूरू समेत कई शहरों में न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई, जबकि जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और कोटा के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई। जयपुर में न्यूनतम तापमान करीब




चार डिग्री सेल्सियस तक नीचे 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। श्रीगंगानगर, बीकानेर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं, अलवर और सीकर में सुबह कोहरा छाया रहा। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले में तो विजिबिलिटी 100 मीटर तक ही रह गई। कोहरे के कारण सुबह 8 बजे तक गाड़ियां हेडलाइट ऑन करके चलानी पड़ीं। श्रीगंगानगर में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 5.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर, अजमेर और जोधपुर में आसमान साफ रहा।

**क्रू बीट संशोधन के प्रस्ताव के विरोध में प्रदर्शन आज**

## मीटिंग से पहले ही बोर्ड के खिलाफ मोर्चा

**बेधड़क | जयपुर**

रेलवे बोर्ड की ओर से एडिशनल मेंबर (ट्रैफिक) की अध्यक्षता में 7 फरवरी बुधवार को क्रू बैलेंस को लेकर सीईएलईएस/डब्ल्यूसीआर, एनसीआर और एनडब्ल्यूआर की बैठक बुलाई गई है।

इस मीटिंग को लेकर नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने मीटिंग से पहले ही रेलवे बोर्ड के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यूनियन बुधवार को इसका विरोध करेगी। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉइज यूनियन जयपुर मंडल



के अध्यक्ष के एस अहलावत ने कहा कि मीटिंग में क्रू बीट के संबंध में संशोधन का प्रस्ताव है। पहले इस संबंध में नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे प्रशासन ने इसमें कोशिश की। वो सफल नहीं हुए। अब रेलवे बोर्ड ने 7 फरवरी को सीईएलईएस जयपुर और सीएफटीएम जयपुर को उस मीटिंग के लिए कॉल किया है, जिसमें एनसीआर, एनडब्ल्यूआर और डब्ल्यूसीआर के अधिकारियों को बुलाया गया है।

उन्होंने कहा- नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन इस तरीके के किसी भी घटना का विरोध करती है। किसी भी क्रू बीट के संबंध में संसोधन करने से पहले ट्रेड यूनियन से बातचीत करके उसको विश्वास में लिया जाए। एकतरफा क्रू बीट में संसोधन करना गलत है।

**ABGM का शपथ ग्रहण समारोह**

# हम खुद बांधने के बजाय अगली पीढ़ी के बंधवाएं सम्मान की पगड़ी

**बेधड़क | जयपुर**

नगर निगम जयपुर हेरिटेज की महापौर मुनेश गुर्जर ने कहा कि हमें खुद के सम्मान में व्यस्त रहने के बजाय काम करना चाहिए। हम खुद बांधने के बजाय आने वाली पीढ़ी को सम्मान की पगड़ी बंधवाएं, ताकि वो जीवन में आगे बढ़ सके और देश में प्रदेश और समाज का नाम रोशन कर सकें। मुनेश गुर्जर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी व जिला कार्यकारिणी के राजस्थान चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने अखिल भारतीय गुर्जर महासभा राजस्थान की महिला इकाई की प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर कहा



कि मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी मिली है। मैं महिला इकाई की प्रदेशाध्यक्ष होने के नाते अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के स्टेज पर कभी साफा नहीं पहनूंगी, क्योंकि अगर हम ही सम्मान करेंगे तो काम कब करेंगे में। मुझे आज जो दायित्व मिला है मैं उसके लिए आप सभी को विश्वास दिलाती हूं कि समाज को जब भी मेरी जरूरत हुई तो मैं पूरी निष्ठा से समाज कल्याण के लिए कार्य करूंगी।

### किसको क्या मिली जिम्मेदारी

हेरिटेज नगर निगम महापौर मुनेश गुर्जर को प्रदेशाध्यक्ष महिला इकाई राजस्थान, मनमोहन कागणा को कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष, अशोक गुर्जर को प्रदेश महामंत्री, विजेंद्र कसाना को प्रदेश मंत्री, लक्ष्मण सिंह गुर्जर को प्रदेश उपाध्यक्ष, नवदीप कसाना को प्रदेश मंत्री युवा इकाई, किरण गुर्जर को प्रदेश मंत्री महिला इकाई, करण डोई को युवा अध्यक्ष जयपुर, ममता गुर्जर को प्रदेश उपाध्यक्ष महिला इकाई आदि कई सम्माननीय जनों को नियुक्ति पत्र देकर पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया।

### प्रशासनिक अधिकारियों का सम्मान

कार्यक्रम में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की ओर से नव चयनित प्रशासनिक अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विजय सिंह गुर्जर पुलिस कमिश्नर सूरत गुजरात, प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद धाभाई, बच्चू सिंह बैंसला राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, कामिनी गुर्जर कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा, सुंदर चौधरी राष्ट्रीय सचिव, हेरिटेज नगर निगम महापौर मुनेश गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित थे।

## जरूरी खबर

### सभापति पद के लिए प्रत्याशियों ने भरे नामांकन



**श्रीगंगानगर।** जिले में नगर परिषद सभापति के लिए 11 फरवरी को होने वाले चुनाव को लेकर मंगलवार को नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया संपन्न हुई। नगर परिषद सभापति चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि नामांकन पत्र जमा करने के आखिरी दिन तक कुल 5 उम्मीदवारों की ओर से नामांकन पत्र जमा कराए गए हैं, जिनकी जांच बुधवार को की जाएगी। सभापति पद के लिए भाजपा-कांग्रेस ने लंबी बैठकों के बाद अपने प्रत्याशी घोषित किए।

### हाई सिक्योरिटी जेल में चप्पे-चप्पे की ली तलाशी

**अजमेर।** प्रदेश की सबसे सुरक्षित हाई सिक्योरिटी जेल में मंगलवार को सर्च ऑपरेशन चलाया गया। कलेक्टर भारती दीक्षित व एसपी चुनाराम जाट सहित 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने जेल के अंदर चप्पे-चप्पे की तलाश ली। हालांकि डेढ़ घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन में पुलिस को किसी तरह की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय से मंगलवार को एडिशनल एसपी महमूद खान, 4 सीओ, 9 थानों के थाना अधिकारी सहित पुलिसकर्मियों का काफिला हाई सिक्योरिटी जेल पहुंचा और सर्च ऑपरेशन चलाया। अधिकारियों और जवानों के ने चप्पे-चप्पे पर वार्डों में तलाशी ली।

### धमाके की आवाज निकालने वाली 16 बाइक जब्त



**अजमेर।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने शहर में बुलेट बाइक से पटाखे की आवाज निकालकर दहशत फैलाने वाले बाइक सवारों पर कार्रवाई की है। इसके तहत पुलिस ने 16 बुलेट बाइक जब्त की हैं। सिविल लाइन थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी चुनाराम जाट के निर्देश पर शहर में पटाखों की आवाज निकालने वाले बाइक सवारों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि ये बुलेट सवार बाइक चलाते हैं तो मॉडिफाई साइलेंसर से पटाखे फोड़ते हैं, जिससे आसपास चलने वाले वाहन चालकों में दहशत फैलती है। इसके अलावा नियमानुसार नंबर प्लेट नहीं लगाने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की गई।

---

**पहले फेज के विकास कार्यों के लिए 22 करोड़ रुपए मंजूर, पर्यटकों को मिलेंगी कई सुविधाएं**

# 66 करोड़ से निखरेगी गड़ीसर लेक, नाइट टूरिज्म होगा शुरू

**बेधड़क | जैसलमेर**

स्वर्ण नगरी जैसलमेर आने वाले पर्यटकों को यहां के रेतीले धोरे सहज ही आकर्षित करते हैं। इसके चलते यहां देसी-विदेशी सैलानियों की आवक हमेशा रहती है। जैसलमेर में रेत के धोरों का आनंद लेने के साथ ही यहां का किला और हवेलियां भी पर्यटकों को लुभाते हैं।



राज्य सरकार ने यहां पर्यटन को ओर बढ़ाने के लिए अब एक और योजना तैयार की है। इसके तहत अब पर्यटकों को नाईट टूरिज्म की भी सौगात जल्द मिलने वाली है। इस योजना के तहत नाइट टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए गड़ीसर लेक की सूरत संवारी जाएगी। यहां पर 22 करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य कराए जाएंगे। इसका शिलान्यास हाल ही में किया गया है।

पीले पत्थरों के इसके हैरिटेज लुक को बरकरार रखते हुए यहां विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके तहत यहां टूट-फूट को ठीक करने के साथ ही हरियाली और साफ-सफाई के इंतजाम किए जाएंगे। साथ ही पर्यटकों के लिए कई तरह की सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। गड़ीसर झील जैसलमेर की ऐतिहासिक धरोहर है। इसको देखते ही इसके संरक्षण और विकास की योजना तैयार की गई है।

### वॉकिंग ट्रैक और भव्य प्रवेश द्वार बनेगा

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जैसलमेर के मुख्य पर्यटन स्थल गड़ीसर लेक की पाल अभी क्षतिग्रस्त है। इसकी मरम्मत कर उस पर एक वॉकिंग ट्रैक का निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही लेक में एंट्री गेट पर पीले पत्थरों से एक भव्य प्रवेशद्वार का निर्माण किया जाएगा। जैसलमेर आने वाले सैलानियों को नाइट टूरिज्म के तौर पर घूमने के लिए एक अच्छी जगह मिले, इस बात को ध्यान में रखकर गड़ीसर लेक को डेवलप करने की योजना तैयार की गई है। इस योजना पर कुल 66 करोड़ की डीपीआर बनाई गई है, इसके तहत पहले फेज में 22 करोड़ रुपयों की मंजूरी मिली है। शिलान्यास होने के बाद अब जल्द ही इसका काम शुरू हो जाएगा।

### राजा रावल जैसल ने कराया था निर्माण

गड़ीसर झील का निर्माण जैसलमेर के संस्थापक राजा रावल जैसल ने साल 1156 में करवाया था। बाद में साल 1367 के लगभग राजा गड़सी सिंह ने इसका पुनर्निर्माण कराया था। यह एक कृत्रिम झील है, जिससे पूरे शहर की प्यास बुझाई जाती थी। ये झील अब जैसलमेर का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है, लेकिन संरक्षण के अभाव में जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो रही है। झील की बदहाली देखकर यहां आने वाले सैलानियों को मायूस होकर लौटना पड़ता है।

---

**कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने BJP पर साधा निशाना**

# पर्ची सरकार में अंतर्कलह शुरू ये लोगों को बरगलाने में माहिर

**बेधड़क | सीकर**

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस की ओर से सभी जिलों में प्रत्याशियों को लेकर फीडबैक लिया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस के नेता कार्यकर्ताओं से संवाद कर प्रत्याशियों की जमीनी हकीकत तलाश कर रहे हैं। साथ ही लोकसभा चुनाव में जीत के लिए चुनावी रणनीतियां तय की जा रही है।

इसी सिलसिले में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सीकर पहुंचे। यहां प्रधानजी का जाव में आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में तीनों नेताओं ने कांग्रेस पदाधिकारियों से चुनावी चर्चा के बाद कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। इस दौरान पीसीसी चीफ डोटासरा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा।



उन्होंने केंद्र सरकार के साथ ही प्रदेश की भजनलाल सरकार भी जुबानी हमला बोला। डोटासरा ने कहा कि पर्ची सरकार में अंतर्कलह अभी से शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि हमारी अंतर्कलह की बात करने वाले पर्ची सरकार के लोग बताए कि उनके मंत्रियों के सीनियर असिस्टेंट कैसे लग रहे हैं। मैंने सुना है कि दोनों उप-मुख्यमंत्रियों के पहले लगाए गए सीनियर असिस्टेंट को हटाकर दूसरे लगा दिए गए हैं। दीया कुमारी ने तो उसको जॉइन करने से मना कर दिया। इसके बाद दिल्ली से फोन आया, तब जाकर दीया कुमारी एसए लगा था। डोटासरा ने कहा कि पर्ची सरकार के ये लोग प्रदेश के लोगों की बात न करके केवल अपने अहंकार की बात करेंगे, लोगों को बरगलाने की बात करेंगे, झूठ की बात करेंगे। हम पूछेंगे- 10 साल में मोदी जी ने क्या किया। हमारी कौनसी योजना बंद कर रहे हो और चालू क्यों नहीं कर रहे हो। ये लोग सिर्फ जनता को बरगलाने में माहिर है।

### चुनाव को देख पेपर माफिया के खिलाफ बना रहे कानून

डोटासरा ने कहा कि भाजपा वाले अब लोकसभा चुनाव के पास आते ही पेपर माफियाओं के खिलाफ कानून बना रहे हैं। हम तो पहले से ही बार-बार कह रहे थे कि पेपर लीक देश की समस्या है, आप इस पर कानून लाइए। वे कानून नहीं लाए हम कानून लेकर आए। वहीं भाजपा ने पेपर माफिया के खिलाफ लचीला कानून बनाकर इतिश्री कर ली है। असम और अन्य स्टेट कानून को लागू कर रहे हैं।

### सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को मंत्री बनाया, फिर भी जनता ने नकार दिया

डोटासरा ने कहा कि करणपुर विधानसभा में लोगों को लुभाने के लिए भाजपा ने चुनाव जीतने से पहले ही अपने प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को मंत्री बना दिया था। भाजपा की इस चाल को जनता समझ गई। हमने चुनाव जीतने से पहले ही मंत्री बनाए जाने की शिकायत निर्वाचन आयोग से की थी। आज तक उसका निर्वाचन आयोग से जवाब नहीं आया, लेकिन करणपुर की जनता ने सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को नकार दिया। इसके लिए मैं जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं।

### भाजपा ने लोकतंत्र का गला घोंटा

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि कांग्रेस पहले भी राजस्थान में लोकसभा चुनाव जीतती आई है और इस बार भी प्रदेश में लोकसभा की सीटें जीत लेंगे। रंधावा ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में रिटर्निंग अधिकारी को सुप्रीम कोर्ट की ओर से फटकार लगाए जाने के मामले पर बोलते हुए कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है, यह सुप्रीम कोर्ट ने भी स्पष्ट किया है।

---

**रंग लाए सांसद भागीरथ चौधरी के प्रयास**

## विज्ञान केंद्र का होगा निर्माण, शोधकर्ताओं को मिल सकेगी सुविधा




**बेधड़क | अजमेर**

जिले में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से एसपीओसीएस योजना के तहत विज्ञान केंद्र का निर्माण किया जाएगा। सांसद भागीरथ चौधरी के प्रयास से विज्ञान केंद्र निर्माण के लिए 15.20 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। केन्द्रीय संस्कृति, पर्यटन एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सांसद भागीरथ चौधरी को पत्र लिखकर अजमेर में नया विज्ञान केंद्र स्थापित किए जाने के संबंध में राशि स्वीकृत किए जाने की जानकारी दी है।

रेड्डी ने सांसद को भेजे अपने पत्र में लिखा है कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा विज्ञान एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एसपीओसीएस नामक एक अनूठी योजना है, जिसके तहत विज्ञान केंद्र और इनोवेशन हब भारत सरकार और राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेशों की संयुक्त फंडिंग से स्थापित किए गए हैं। रेड्डी ने लिखा है कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस योजना के तहत आपके निर्वाचन क्षेत्र अजमेर में 15.20 करोड़ रुपए की कुल लागत से विज्ञान केंद्र स्थापित करने की मंजूरी दी गई है। रेड्डी ने प्रस्तावित विज्ञान केंद्र का एक डिजाइन भी भेजा है। सांसद भागीरथ चौधरी ने बताया कि अजमेर में विज्ञान केंद्र की स्थापना विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों में वैज्ञानिक जांच की भावना को बढ़ावा देने और इनोवेटिव इंडस्ट्री के लिए नवीन खोज के क्षेत्र में महत्वपूर्ण साबित होगी। अब शीघ्र ही उचित स्थान का चयन कर विज्ञान केंद्र की स्थापना का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

---

**भगवान सारणेश्वर मंदिर में करेंगे दर्शन**

## पं. धीरेंद्र शास्त्री आज आएंगे सिरोही

**बेधड़क | सिरोही**

बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बुधवार को सिरोही एवं भीनमाल आएंगे। इस दौरान वे सिरोही में भगवान सारणेश्वर मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद वे भीनमाल में नीलकंठ महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे।



नीलकंठ महादेव मंदिर के ट्रस्टी प्रेमसिंह राव ने बताया कि बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बुधवार सुबह 10 बजे सिरोही के सारणेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करेंगे। यहां से वे बुधवार से आगामी 9 फरवरी तक आयोजित होने वाले नीलकंठ महादेव मंदिर, भीनमाल के प्रथम वर्षगांठ के मौके पर संगीतमय राम ऊर्जा सत्र को संबोधित करेंगे। राव ने बताया कि 7, 8 व 9 फरवरी को दोपहर 1 से 5 बजे तक कवि कुमार विश्वास का कार्यक्रम अपने-अपने राम आयोजन होगा। 8 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक स्कूल ऑफ राम द्वारा रामायण सेंटर खोला जाएगा। इसमें युवाओं को प्रभु श्रीराम के जीवन को आदर्श मानते हुए लाइफ मैनेजमेंट एवं रामायण में समाहित आधुनिक विज्ञान के कुछ पहलू के बारे में बताया जाएगा। दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कवि कुमार विश्वास द्वारा रामायण प्रसंगों पर चर्चा होगी। 9 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक एक रोबोट की लॉन्चिंग एवं रोबोटिक्स कार्यशाला आयोजित होगी। इसमें लोगों को रोबोटिक्स एवं आधुनिक तकनीकी के बारे में बताया जाएगा।

---

**कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने लोकसभा चुनाव को लेकर लिया फीडबैक**

## करौली से 20 और धौलपुर से 15 दावेदार

**बेधड़क | धौलपुर**

आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। धौलपुर करौली लोकसभा सीट को लेकर कांग्रेस के पर्यवेक्षक हेम सिंह शेखावत प्रदेश अध्यक्ष सेवादल और सूरतगढ़ विधायक डूंगर राम गेंदर एक दिवसीय दौरे पर धौलपुर पहुंचे।

उन्होंने कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस बैठक के बाद करौली से 20 और धौलपुर से 15 दावेदारों ने धौलपुर करौली लोकसभा के लिए अपनी दावेदारी पेश की। बैठक में मौजूद राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा ने प्रदेश की सरकार को पर्ची वाली सरकार बताते हुए कहा कि वर्तमान सरकार गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने में लगी है। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी की यात्रा 10 मार्च को धौलपुर पहुंचेगी, जिसकी तैयारी को लेकर बैठक में चर्चा की गई।



लोकसभा चुनाव का फीडबैक लेने पहुंचे पर्यवेक्षकों ने बताया कि धौलपुर करौली विधानसभा से करीब 35 दावेदारों ने अपनी दावेदारी पेश की है। पर्यवेक्षकों ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस मोदी की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ मैदान में उतरेगी। उन्होंने बताया कि इस बार राजस्थान में कांग्रेस मजबूती से अपना प्रदर्शन करेगी। इसको लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है।

---

**हाथों की नसे काट थाने पहुंचा पति**

# एनिवर्सरी पर पत्नी को 'मौत' का उपहार, गला घोंटा

**बेधड़क | डूंगरपुर**

शादी की सालगिरह पर आमतौर पर पति-पत्नी घूमने जाते हैं और खुशी मनाते हैं। वहीं डूंगरपुर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गुजरात के एक व्यापारी ने अपनी शादी की सालगिरह के दिन पत्नी के साथ सुसाइड प्लान किया। इसके लिए दोनों ने बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के एक होटल में पहुंचे।

दोनों ने होटल में फंदे पर लटक कर जान देने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। इस पर पति ने पहले पत्नी को गला दबाकर मार डाला। इसके बाद खुद ने भी दोनों हाथों की नसें काटकर जान देने की कोशिश की। जब वह नहीं मरा तो लहूलुहान हालत में बिछीवाड़ा थाने पहुंचा और पुलिस

**■ आर्थिक तंगी झेल रहे दंपती ने किया सुसाइड प्लान, होटल पहुंचे**



को पूरी कहानी बताई। पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह गुजरात के वडोदरा निवासी अक्षय भाई सिखलीघर (32) बिछीवाड़ा थाने पर पहुंचा। अक्षय लहूलुहान हालत में था और के दोनों हाथों की नसें कटी हुई थी। उसकी हालत देखकर पुलिस ने उसे बिछीवाड़ा अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। इसके बाद पुलिस की पूछताछ में अक्षय ने बताया की उसकी पत्नी ज्योति बेन सिकलीगर का शव रतनपुर बॉर्डर के पास स्थित होटल रॉयल सैल्यूट के कमरा नंबर 702 में पड़ा है। इस पर पुलिस ने एक टीम को होटल के लिए रवाना कर दिया।

### व्यापार में घाटा होने से था परेशान

पुलिस की पूछताछ में आरोपी पति अक्षय ने बताया कि वह गुजरात में एक ट्रैवल एजेंसी चलाता है, लेकिन घाटे की वजह से परिवार परेशान था। 5 फरवरी को उसकी शादी की सालगिरह थी। दोनों पति-पत्नी ने मिलकर सुसाइड का प्लान किया। इसके लिए दोनों रतनपुर बॉर्डर पर होटल में ठहरे। रात को होटल के कमरे में ही खाना मंगवाकर खा लिया। वहीं, दोनों ने शादी की सालगिरह मनाने के बाद सुसाइड करने का प्रयास किया। पत्नी ज्योति बेन ने पहले सुसाइड करने के लिए कहा। उसने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुई। इस पर अक्षय ने पत्नी ज्योति का गला दबाकर हत्या कर दी।

### होटल के कमरे को किया सील

पत्नी को गला घोटकर मारने के बाद आरोपी अक्षय ने खुद के दोनों हाथों की नसें चाकू से काट ली। इससे उसका खून बहने लगा। बाद में वह लहूलुहान हालत में ही थाने पर पहुंच गया। पुलिस को होटल के कमरे में ज्योति का शव लाश पलंग पर पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने मौके से दंपति के आईडी कार्ड भी बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस ने होटल के कमरे को सील कर दिया है। बांसवाड़ा से एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

---

## दीवार निर्माण का विरोध वनकर्मियों पर पथराव

**बेधड़क | दौसा**

वन विभाग की ओर से जिले के बांदीकुई उपखंड में विभाग की जमीन पर चलाए जा रहे बाउंड्री निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने विरोध करते हुए वनकर्मियों पर पथराव कर दिया।

जानकारी के अनुसार भूमि पैमाइश से नाराज अतिक्रमणकारियों ने अचानक पथराव करते हुए मजदूरों और वनकर्मियों पर हमला बोल दिया। बांदीकुई रेंजर जितेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए पथराव में एक महिला मजदूर समेत वन रक्षक पिंकी जांगिड़, भगवानी मीणा और फॉरेस्टर महेंद्र गुर्जर घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए बांदीकुई सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सत्यनगर



निवासियों से पैमाइश के दौरान पूर्व में भी वनकर्मियों की झड़प हो चुकी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इस पूरे मामले में वन विभाग का कहना है कि तीन दिन पूर्व जब वन विभाग की जमीन की पैमाइश के समय विभाग की ग्रामीणों के साथ झड़प हुई थी तब बांदीकुई थाने में मामला दर्ज करवाया था, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसके परिणामस्वरूप मंगलवार को वहां के निवासियों ने फिर से पथराव कर दिया।

### एआईसीटीई ने शुरू की 'विदेश में प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए छात्रों को सहायता' योजना

# अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जाने वाले छात्रों को मिलेगी फंडिंग

**बेधड़क** | नई दिल्ली

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों को अनुदान देगी।

एआईसीटीई ने मंगलवार को 'विदेश में प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए छात्रों को सहायता' योजना शुरू की, जिसका उद्देश्य भारतीय छात्रों के बीच वैश्विक प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना है। एआईसीटीई एसएसपीसीए योजना व्यक्तिगत छात्र या छात्रों की एक टीम के लिए एक यात्रा अनुदान योजना है, जो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक हैं।

यह योजना उन छात्रों को वित्तीय सहायता, परामर्श और तार्किक मार्गदर्शन के रूप में व्यापक सहायता प्रदान करती है जो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने की इच्छा रखते हैं। इसके अलावा, इस योजना के माध्यम से छात्रों को दुनिया भर के साथियों, उद्योग जगत के नेताओं और शिक्षाविदों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

### 2 लाख तक मिलेगी वित्तीय सहायता

एआईसीटीई योजना प्रति छात्र प्रतिपूर्ति के आधार पर 2 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय यात्रा, घरेलू यात्रा, पंजीकरण शुल्क, वीजा आवेदन शुल्क, आवास और बोर्डिंग, हवाई अड्डा कर, यात्रा स्वास्थ्य बीमा और संबंधित उपकरण लेने पर लगने वाली लागत शामिल है।



### दो श्रेणियों में लाभ ले सकेंगे छात्र

योजना के तहत, एआईसीटीई-अनुमोदित संस्थानों में डिप्लोमा, बीई या बीटेक, एकीकृत एमटेक, एमई या एमटेक, एमबीए, एमसीए और होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों में नामांकित एक छात्र या छात्रों की एक टीम (एक टीम में न्यूनतम दो और अधिकतम छह प्रतिभागी हों) एसएसपीसीए की दो प्रस्तावित श्रेणियों के तहत एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। श्रेणी ए में एआईसीटीई विशेषज्ञ समिति द्वारा समय-समय पर घोषित विदेश में एक प्रसिद्ध प्रतियोगिता में भाग लेने का प्रस्ताव है। हालांकि, श्रेणी बी में, छात्रों को अपनी प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति है। योजना की शुरुआत करते हुए, एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीतारम ने इस बात पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुनिया के तेजी से आपस में जुड़ने के साथ, अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों को कौशल बढ़ाने, ज्ञान के आदान-प्रदान और सांस्कृतिक संवर्धन के लिए अमूल्य अवसर मिलते हैं। ऐसे अनुभवों के महत्व को पहचानते हुए, एआईसीटीई छात्रों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## Yuva स्टोरीज



### AISA आज से करेगा जनमत संग्रह

**जयपुर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (एआईएसए) की ओर से देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षा और रोजगार के मुद्दे पर 'यंग इंडिया रेफरेंडम' अभियान बुधवार से शुरू होगा। यह अभियान 'यंग इंडिया चार्टर 2024' का ही एक चरण है जो दिसंबर 2023 में शुरू हुआ था। अभियान के पहले चरण में शिक्षा और रोजगार पर केंद्र सरकार के फैसले की जवाबदेही की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान के दूसरे चरण में 50 से अधिक विश्वविद्यालयों में शिक्षा और रोजगार के मुद्दों पर मतदान होगा। इस अभियान के तहत गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय, उत्तराखंड, दिल्ली विश्वविद्यालय, कालीकट विश्वविद्यालय, केरल, जादवपुर विश्वविद्यालय पश्चिम बंगाल, पंजाबी विश्वविद्यालय, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय, अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय बेंगलुरु, पटना विश्वविद्यालय बिहार, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया, एचसीयू, एसके विश्वविद्यालय और अन्य विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में जनमत संग्रह किया जाएगा। दिल्ली विश्वविद्यालय में, दिल्ली विश्वविद्यालय के 30 कॉलेजों, जामिया मिलिया इस्लामिया के सभी विभागों और दिल्ली के अंबेडकर विश्वविद्यालय के कश्मीरी गेट और करमपुरा परिसर में मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। जनमत संग्रह 7, 8 और 9 फरवरी को कराया जाएगा।



### बच्चों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

**जयपुर।** सेंट मैरी स्कूल के विद्यार्थियों ने मंगलवार को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ ली। पार्षद जय वशिष्ठ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर निगम ग्रेटर के वार्ड नंबर 81 में एक नई पहल का शुभारंभ 7 जनवरी से नेचर ग्रीन टूल्स एंड मशीनस प्राइवेट लिमिटेड और नगर निगम ग्रेटर के सहयोग से शुरू किया गया था। इसके तहत वार्ड में निवास करने वाले करीब 5000 परिवारों ने अपने-अपने घर के बाहर सपरिवार झाड़ू लगाकर वार्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया था। इस अभियान की शुरुआत वार्ड में स्थित कॉलोनियों, व्यापार मंडलों, पार्कों एवं मन्दिरों से की थी और इसी अभियान को सुचारू बनाए रखने व अभियान को सफल बनाने के लिए सेंट मैरी स्कूल के प्रशासन और विद्यार्थियों को भी घर, स्कूल, शहर, राज्य और देश को स्वच्छ, साफ-सुथरा और सुंदर रखने का संकल्प दिलाया गया व परिवारजनों, रिश्तेदारों और आस-पास में पड़ोस में रहने वालों को भी निवेदन कर कचरा सड़क पर न फैलाने के लिए कहा। वशिष्ठ ने बताया कि वार्ड को स्वच्छ, साफ और सुंदर बनाने के लिए नेचर ग्रीन के परियोजना प्रबंधक ओशोदीप ने विद्यार्थियों को सूखा गीला कचरा अलग-अलग डालने और उस कचरे को रीसाइक्लिंग करने के बारे में बताया।



### स्टूडेंट्स ने किया पक्षी अभयारण्य का दौरा

**जयपुर।** महाराजा सवाईभवानी सिंह स्कूल के स्टूडेंट्स ने जयपुर पक्षी महोत्सव-2024 के अवसर पर मुहाना स्थित जयपुर पक्षी अभयारण्य का दौरा किया गया। इस कार्यक्रम में स्टूडेंट्स को प्रवासी पक्षियों, जलपक्षियों और आर्द्रभूमि पक्षियों सहित विभिन्न प्रकार की प्रजातियों को देखने का अवसर मिला। अभयारण्य में पाई जाने वाली कुछ पक्षी प्रजातियों में कबूतर, सफेद गले वाले किंगफिशर, ग्रेट हेरॉन और ग्रेट एग्रेट शामिल हैं। अभयारण्य एक सदाबहार पारिस्थितिकी तंत्र में स्थित है, जो खारे पानी और मीठे पानी के आवास के संयोजन की विशेषता है। इसमें विद्यार्थियों से चिड़ियों से संबंधित चित्र बनवा कर उनके भावों को उजागर किया गया। यह आयोजन विभिन्न स्कूलों के स्टूडेंट्स के बीच पक्षियों की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैलाने में सहायक रहा और इसमें पक्षियों को एक सुरक्षित आवास प्रदान करने के तरीके भी सुझाए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि वन, पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा और विधायक कैलाश वर्मा ने स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित किया।

### सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 'जैव विविधता' पर व्याख्यान

# जैव विविधता की रक्षा करना युवाओं की जिम्मेदारी

**बेधड़क** | जयपुर

भारत के पास दुनिया का केवल 2.5 प्रतिशत भूमि क्षेत्र है, लेकिन वैश्विक प्रजाति विविधता में इसकी हिस्सेदारी बहुत प्रभावशाली है। भारत में पृथ्वी के ज्ञात पुष्प और जीव-जन्तुओं की 7-8% प्रजातियां हैं, जो हमें एक विशाल विविधता वाला राष्ट्र बनाती हैं और इसलिए हमारी जैव विविधता को संरक्षित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। यह कहना था पर्यावरण शिक्षा और अनुसंधान संस्थान के निदेशक प्रो. एराच भरूचा का। प्रो. भरूचा राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'भारत में जैव विविधता' विषय पर विशेष व्याख्यान दे रहे थे। कार्यक्रम कुलपति प्रो. आनंद भालेराव द्वारा प्रो. एराच भरूचा के स्वागत और प्रो. एराच भरूचा के बारे में अंतर्दृष्टि साझा करने के साथ शुरू हुआ।

प्रो. भरूचा का व्याख्यान भारत के पारिस्थितिक तंत्र के विविध परिदृश्यों के माध्यम से एक यात्रा से कम नहीं था। शुरुआत में पारिस्थितिकी तंत्र गलियारों के महत्व पर प्रकाश डाला गया, जिसमें हाथियों और अन्य वन्यजीवों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने में उनकी भूमिका पर जोर दिया गया। प्रो. भरूचा ने मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में उनके महत्व पर जोर दिया।

इसके बाद प्रो. भरूचा ने कलात्मक ढंग से स्थानीय संस्कृतियों और प्रभावी जैव विविधता प्रबंधन के बीच नाजुक संबंधों के बारे में समझाया। उन्होंने हमारी प्राकृतिक विरासत के संरक्षण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया।





### सवालों के दिए रोचक जवाब

व्याख्यान के बाद एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट से लेकर जेनेटिक इंजीनियरिंग और विशिष्ट पक्षी प्रजातियों के लुप्त होने जैसे विषयों पर सवाल किए। प्रो. भरूचा ने इनका रुचिकर ढंग से जवाब दिया। उन्होंने पर्यावरणीय चुनौतियों और पारिस्थितिक तंत्र की गतिशील प्रकृति को संबोधित करने में वैज्ञानिक कठोरता के सर्वोपरि महत्व पर जोर दिया। व्याख्यान का समापन प्रो. सीसी मंडल के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। व्याख्यान ने दर्शकों को भारत की समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण के लिए नई जिम्मेदारी की भावना से प्रेरित किया।

### लुप्त हो रहे हैं सांस्कृतिक मूल्य

प्रो. भरूचा ने बताया कि कैसे कृषि प्रणालियों में जीवविज्ञान को एकीकृत करने से एक नया परिप्रेक्ष्य सामने आया, जिससे स्थानीय समुदायों की कृषि पद्धतियों में अंतर्निहित पारंपरिक ज्ञान के छिपे हुए रत्नों का पता चला। उन्होंने सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करने की तात्कालिकता और आवश्यकता पर जोर देते हुए हुए चेतावनी देते हुए कहा कि लगातार विकसित हो रहे परिदृश्य में स्थानिक और लुप्तप्राय प्रजातियों से भी तेजी से सांस्कृतिक मूल्य लुप्त हो रहे हैं। प्रो. भरूचा ने कृषि और भूमि उपयोग से संबंधित निर्णयों के मार्गदर्शन में जल दैवीय समारोह जैसे आध्यात्मिक विश्वासों की भूमिका पर प्रकाश डाला।



### एसकेआईटी में वर्कशॉप शुरू

# विशेषज्ञ करेंगे ग्रीन प्रैक्टिसेज पर चर्चा



**बेधड़क** | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान (एसकेआईटी) में मंगलवार को नेशनल वर्कशॉप 'ग्रीन प्रैक्टिसेज फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' की शुरुआत हुई। एक सप्ताह की यह कार्यशाला डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री, डिपार्टमेंट ऑफ सिविल इंजीनियरिंग व डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के द्वारा ग्रीन केमिस्ट्री रिसर्च सेंटर, राजकीय डूंगर कॉलेज बीकानेर व एसकेआईटी जयपुर के साथ आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजकीय डूंगर कॉलेज बीकानेर के प्राचार्य प्रो. नरेंद्र भोजक ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद एसकेआईटी के डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. एसएल सुराना ने अतिथियों का स्वागत किया व प्रतिभागियो को शुभकामना दी। उन्होंने ग्रीन प्रैक्टिसेज को विश्व की आवश्यकता बताया। मुख्य अतिथि प्रो. नरेंद्र भोजक ने ग्रीन कैंपस व ग्रीन ऑडिट विषय पर अपनी बात रखते हुए ग्रीन प्रैक्टिसेज के क्षेत्र में नवाचारों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में ग्रीन प्रैक्टिसेज के क्षेत्र में समस्याओं का समाधान निकालने की क्षमताओं का विकास होगा।

केमिस्ट्री विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शारदा सोनी ने बताया की इस आयोजन में देश के विभिन्न भागों से 80 से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। कार्यशाला की कोऑर्डिनेटर प्रो. अर्चना सक्सेना, प्रो. विनीता शर्मा व को-कोऑर्डिनेटर डॉ. स्वाति जोशी ने सात दिन में होने वाले कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में एसकेआईटी सिविल डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष प्रो. डीके शर्मा, प्रो. बीएल शर्मा, राजकीय डूंगर कॉलेज बीकानेर से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. एचएस भंडारी व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. एसके वर्मा भी उपस्थित थे।

## ICAI आज जारी करेगा CA फाउंडेशन का परिणाम

**जयपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया सीए फाउंडेशन दिसंबर-2023 का परिणाम बुधवार को जारी करेगा। जो उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे, वे परिणाम जारी होने के बाद उसे आधिकारिक वेबसाइट icai.nic.in जाकर देख सकेंगे। सीए फाउंडेशन दिसंबर-2023 की परीक्षाएं 31 दिसंबर 2023, 2,4 और 6 जनवरी, 2024 को चार दिनों में ऑफलाइन मोड में आयोजित की गई थीं। परीक्षाएं भारत के 280+ शहरों और विदेश के 8 शहरों में हुई थीं। परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत प्रश्नपत्रों में न्यूनतम 40 प्रतिशत और कुल मिलाकर 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होंगे। गौरतलब है कि सीए फाउंडेशन दिसंबर-2023 पुरानी योजना के तहत आयोजित आखिरी परीक्षा थी। नई आईसीएआई योजना 1 जुलाई, 2023 को प्रभावी हो गई। सीए फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार सीए इंटरमीडिएट कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करने के पात्र बन जाएंगे।

**डिस्कशन** | आईआईआईएम में इंटरनेशनल कॉन्क्लेव

# एचआर प्रोफेशनल्स के लिए बढ़ती चुनौतियों पर चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फोर्मेटिक्स एण्ड मैनेजमेंट, टेक्निकल कैंपस (आईआईआईएम) में 'चेंजिंग एचआर लैण्ड-स्केप: हिडन रोल्स एण्ड इवॉल्विंग रेस्पोन्सिबिलिटीज़' विषयक इंटरनेशनल एचआर कॉन्क्लेव एण्ड कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। संस्था चेयरपर्सन डॉ. अशोक गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

संस्था निदेशक प्रो. रूपा माथुर ने कहा कि एचआर प्रोफेशनल्स को इस क्षेत्र के नवीनतम रूझानों और नवाचार का सामना करने के लिए अपस्किलिंग और री-स्किलिंग पर फोकस करना चाहिए। मुख्य अतिथि ग्लोबल- एचआर के सीनियर मैनेजर विशाल सिंघवानी ने कहा कि जीवन में परिवर्तन स्थिर है। कॉनक्लेव में सीएफओ एण्ड बोर्ड मेम्बर, सेलेबल टेक्नोलॉजी जयपुर हेंमत माथुर ने बिजनेस के आंकड़ों पर निर्भरता विषय पर चर्चा की।

कार्यशाला में दीपिका असरानी, निकिता भाटिया, अचला यादव, शैफाली झा, निधि वशिष्ट ने पैनेलिस्ट के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम का मकसद शिक्षा व उद्योग जगत के बीच संबंध स्थापित करना व वर्तमान परिप्रेक्ष्य में एचआर प्रोफेशनल्स की बढ़ती चुनौतियों पर चर्चा करना रहा। अंत में संस्था प्राचार्या प्रो. मंजू नायर ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।






### इनोवेटिव स्ट्रेटेजीस पर मंथन

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एचआर फॉर्टिस हेल्थ केयर, जयपुर के डीजीएम (स्टेटेटिक बिजनेस यूनिट हैड) प्रतीक सिंह ने परिर्वतन, इनोवेशन और स्पीड को वीयुसीए वर्ल्ड का सामना करने के लिए टूल्स के रूप में प्रयोग करने पर चर्चा की। तकनीकी सत्र-1 में 'एजाइल एचआर प्रैक्टिसेज फॉर मैजेजिंग टैलेंट इन वीयूसीए एनवायरमेंट' के दौरान गरिमा जाजू व मोनिका शर्मा ने विषय के संदर्भ में अपनाई जाने वाली इनोवेटिव स्ट्रेटेजिस और अडैप्टिव अप्रोच के बारे मे चर्चा की। तकनीकी सत्र-2 में 'एम्प्लॉई वेल-बींग एण्ड रेजीलियन्स' थीम पर सोनल उपाध्याय, सतीश शर्मा व प्रान्जुल सिंह ने आधुनिक परिवेश में विषय की महत्व पर चर्चा की।

# बस और क्या कहें रूदाद-ए-जिंदगी 'ताबां'



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

उर्दू अदब में ग़ुलाम रब्बानी ताबां का शुमार तरक्कीपसंद शायरों की फेहरिस्त में होता है। उन्होंने न सिर्फ शायरी की ज़मीन पर तरक्क़ीपसंद खयाल और उसूलों को आम करने की कोशिश की, बल्कि इसके लिए हर मोर्चे पर ताउम्र जद्दोजहद करते रहे। तमाम दुःख-परेशानियां झेलीं। शायरी उनके लिए महज़ दिल बहलाने का एक ज़रिया नहीं थी। एक कमिटमेंट था, उस मुआशरे को बेहतर बनाने के लिए जिसमें वे रहते थे। 15 फरवरी, 1914 को उत्तर प्रदेश में क़ायमगंज ज़िला फर्रूखाबाद के पितौरा गांव में एक ज़मींदार परिवार में जन्मे ग़ुलाम रब्बानी ताबां की इब्तिदाई तालीम पितौरा और कायमगंज में ही हुई। आला तालीम के वास्ते वे आगरा पहुंचे। जहां सेंट जोंस कॉलेज से उन्होंने ग्रेजुएशन और आगरा कॉलेज से एलएलबी की डिग्री हासिल की। कॉलेज की तालीम के दौरान ही ग़ुलाम रब्बानी ताबां का शे'री सफ़र शुरू हुआ। मौलाना हामिद हसन क़ादरी और मैकश अकराबादी की अदबी सोहबतों में उनका शे'री शौक परवान चढ़ा। तरक्क़ीपसंद तहरीक से ग़ुलाम रब्बानी ताबां का वास्ता शुरू से ही रहा। 'अंजुमन तरक्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' (प्रोग्रेसिव राइटर्स एसोसिएशन) के वे सरगर्म मेंबर थे। अंजुमन की सरगर्मियों और अदबी महफ़िलों में वे हमेशा पेश-पेश रहते थे। ग़ुलाम रब्बानी ताबां ने अपनी शायरी की आगाज तंज़-ओ-मिजाह की शायरी से की। बाद में संजीदा शायरी की ओर मुख़ातिब हुए। दीगर तरक्क़ीपसंद शायरों की तरह ग़ुलाम रब्बानी ताबां ने भी पहले नज़्में लिखीं लेकिन अपने पहले शे'री मजमूए 'साज-ए-लर्जां' (1950) के शाया होने के बाद सिर्फ गज़लें कहने लगे। गज़ल को ही उन्होंने अपने अदब का मैदान बना लिया। ताबां की शायरी की नुमायां शिनाख़्त, उसका क्लासिकी और रिवायती अंदाज़ होने के साथ-साथ तरक्क़ीपसंद ख़याल के पैकर में पैबस्त होना है। उनकी शायरी, खालिस वैचारिक शायरी है। जिसमें उनके समाजी, सियासी और



*7 फरवरी, शायर गुलाम रब्बानी ताबां का स्मृति दिवस पर विशेष*

इंक़लाबी सरोकार साफ दिखाई देते हैं। 'आसमां का शिकवा क्या वक्त की शिकायत क्यूं/खून-ए-दिल से निखरा है और भी हुनर मेरा/दिल की बेक़रारी ने होश खो दिए 'ताबां'/वर्ना आस्तानों पर कब झुका था सर मेरा।'

ताबां ने अपनी ग़ज़लों में भी बड़े ही हुनरमंदी से सियासी, समाजी पैग़ाम दिए हैं। सरमायेदारी पर वे तंज कसते हुए कहते हैं, 'जिनकी सियासतें हों जरोजाह की गुलाम/उनको निगाहो दिल की सियासत से क्या गरज।' ग़ुलाम रब्बानी तांबा ने गुलाम मुल्क में अपने अदब से आज़ादी के लिए जद्दोजहद की। अवाम में आज़ादी का अलख जगाया। वामपंथी आंदोलन से निकले तमाम तरक्क़ीपसंद शायरों की तरह उनके ख़्वाबों का मुल्क हिंदुस्तान और उसकी आज़ादी थी। जब मुल्क का बंटवारा हुआ, तो वे काफी निराश हुए। शायरी में उन्होंने अपने इस ग़म का खुलकर इज़हार किया। 'दे के हमको फरेबे आज़ादी/इक नई चाल चल गया दुश्मन।' बंटवारे को गुलाम रब्बानी ताबां अंग्रेज़ी हुकूमत की साजिश मानते थे, 'मैं किससे इंतिकाम लूं/बता किसे मैं दोष दूं/चमन में आग किसने दी है मौसमे बहार में/इक अजनबी सफेद हाथ-आतशीं व शोलावार/फजा-ए-तीरा-ए-वतन में रक्स कर रहा है आज।'

गुलाम रब्बानी ताबां ने कम लिखा, लेकिन मानीखेज लिखा। बेमिसाल लिखा। उनकी शायरी में इश्क़-मोहब्बत के अलावा ज़िंदगी की जद्दोजहद और तमाम मसले-मसाएल साफ दिखाई देते हैं। ग़ज़ल में अल्फ़ाज़ों को किस तरह से बरता जाता है, कोई ताबां से सीखे। शाइस्तगी से वे अपने शे'रों में बड़ी-बड़ी बातें कह जाते हैं। 'दौर-ए-तूफ़ां में भी जी लेते हैं जीने वाले/दूर साहिल से किसी मौज-ए-गुरेज़ां की तरह।' मशहूर नक्काद एहतेशाम हुसैन अपनी किताब 'उर्दू साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' में गुलाम रब्बानी ताबां की ग़ज़लों पर तन्कीद करते हुए लिखते हैं, ''उन्होंने अपनी ग़ज़लों में सूक्ष्म संकेतों, गहरी मनोभावनाओं और व्यक्तिगत अनुभूतियों से बड़ी रोचकता पैदा कर दी है।'' मिसाल के तौर पर ताबां की ग़ज़ल के इन अश्‌आरों को देखिये, 'उस ने 'ताबाँ' कर दिया आज़ाद ये कह कर कि जा/तेरी आज़ादी में इक शान-ए-नज़र-बंदी भी है।' गुलाम रब्बानी ताबां की शायरी में सादा बयानी तो है ही, एक अना भी है जो एक खुद्दार शायर की निशानदेही है। 'रुस्वाई कि शोहरत कुछ जानो हुर्मत कि मलामत कुछ समझो/

'ताबां' हों किसी उनवान सही, होते हैं मिरे चर्चे भी बहुत।' तांबा की शायरी में जिंदगी की जद्दोजहद और उसके जानिब एक पॉजिटिव रवैया हमेशा दिखलाई देता है। तमाम परेशानियों में भी वे अपना हौसला, उम्मीदें नहीं खोते। 'जुस्तुजू हो तो सफ़र खत्म कहां होता है/यूं तो हर मोड़ पर मंज़िल का गुमां होता है।' गुलाम रब्बानी ताबां अपनी ग़ज़लों में पारंपरिक शैली का भी दामन नहीं छोड़ते और कुछ इस अंदाज़ में अपनी बात कह जाते हैं कि तर्ज—ए—बयां नया हो जाता है। 'बस और क्या कहें रूदाद-ए-ज़िंदगी 'ताबां'/चमन में हम भी हैं इक शाख-ए-बे-समर की तरह।'

गुलाम रब्बानी ताबां की ग़ज़लों की अनेक किताबें शाया हुईं। 'साज़-ए-लारजां', 'हदीस-ए-दिल', 'जौक-ए-सफ़र', 'नवा-ए-आवारा', 'गुबार-ए-मंज़िल' उनकी ग़ज़लों के अहम मज्मूए हैं। ताबां ने अंग्रेजी की कई मशहूर किताबों का उर्दू में तर्जुमा किया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## तेंदुलकर से किसी की भी तुलना बेमानी

# सदियों में एक मिलता है मास्टर ब्लास्टर सचिन



राजेंद्र शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

*"सचिन वनडे में 18 बार 90 से 99 रन के बीच आउट हुए। जिनमें माना जाता है कि अधिकांश बार उन्हें गलत आउट दिया गया, क्योंकि सचिन जब 90 पार कर लेते तो प्रतिद्वंद्वी टीम हर बॉल पर अपील करके अंपायर्स और सचिन पर मनोवैज्ञानक दबाव बनाने में जुट जाती थी, सचिन तो इसका सामना कर लेते थे, लेकिन अंपायर दबाव में आ जाते थे, फिर डीआरएस सिस्टम भी नहीं था। यह भी एक बड़ा फैक्टर है।"*

हाल ही में जयसूर्या ने, जिन्होंने बैटिंग के बूते पर श्रीलंका जैसी अंडरडॉग आंकी गई टीम को वनडे की विश्व चैंपियन बना दिया था, वर्तमान बैटर्स से मास्टर ब्लास्टर की तुलना के चलते यह साफ कहा है कि कोई और सचिन हो नही नहीं सकता। वनडे में शुरुआती ओवर्स में ताबड़तोड़ बैटिंग की रणनीति प्रतिपादित करने वाले जयसूर्या कहते हैं, 'आज के मैच नियमों के तहत सचिन खेल रहे होते तो उनकी वनडे में सेंचुरियां दुगनी होतीं, यानी 100 शतक तो अकेले ओडीआई के ही हो जाते, और रन होते 37,000... 51 टेस्ट शतक हैं सो अलग। वर्तमान क्रिकेट में किसी बैटर के इन कीर्तिमानों तक पहुंचने की बात तो दूर, वह सोच भी नहीं सकता। वसीम अकरम, शोएब अख्तर, हेडन, शेन वॉर्न जैसे समकालीन भी मान चुके हैं कि जिस दौर में सचिन खेले और जैसा खेले, उसकी बराबरी वर्तमान में कोई बैटर नहीं कर सकता।

जयसूर्या सहित इन सभी की बात को अतिशयोक्ति तो कोई विशेषज्ञ नहीं कह सकता, क्योंकि वर्तमान में एकदिवसीय क्रिकेट में दोनों एंड से अलग-अलग बॉल का इस्तेमाल, फील्डिंग के नियम और सबसे बड़ा डीआरएस का नियम है। कल्पना करें, जो बल्लेबाज आज के बैटर्स के हित में बने इन नियमों के बगैर 100 शतक (वनडे में 49) ठोक चुका है, वो आज खेलता तो? और तो और, जिन बॉलर्स को सचिन ने फेस किया, उनकी टक्कर का एक भी गेंदबाज वर्तमान क्रिकेट में नहीं दिखेगा। यह तर्क कोई भावुकता में बहकर नहीं दिया जा रहा। बता दें, आज वर्ल्ड क्रिकेट में पाकिस्तान के वसीम अकरम, वकार यूनुस, शोएब अख्तर, ऑस्ट्रेलिया के ब्रेट ली, मेक्ग्रा, जानसन, गिलेस्पी, वेस्टइंडीज के कोर्टनी वॉल्श, कर्टली एम्ब्रोस, विंस्टन बैंजामिन, न्यूजीलैंड के क्रिस क्रेंस, टिम साउदी (शुरुआती दौर), क्रिस मार्टिन, साउथ अफ्रीका के पीटर पोलक, एलन डोनाल्ड, इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन (शुरुआती दौर), स्टीव हार्मिसन, डवैन मैल्कम, जिम्बाब्वे के हीथ स्ट्रीक और श्रीलंका के चामिंडा वास और लसिथ मलिंगा की टक्कर के तेज गेंदबाज हैं क्या? नहीं ना!



इसी तरह, वह फिरकी अटैक जो सचिन तेंदुलकर ने झेला... देखें। उनमें मुथैया मुरलीधरन, शैन वॉर्न, डेनियल विटोरी, अब्दुल कादिर, मुश्ताक अहमद, सकलैन मुश्ताक, सईद अजमल जैसे फिरकी के जादूगरों का शुमार है। बताएं, आज के दौर में साउथ अफ्रीका के महाराज, शम्सी और ऑसी जैंपा जैसे स्पिनर्स के सामने क्रीज में डांस करने वाले बैटर उनकी कैसे बराबरी करेंगे? सबसे महान स्पिनर शैन वॉर्न कहते थे कि सचिन उनके सपनों में आते हैं। अब करें बात फील्डिंग रेस्ट्रिक्शंस की, तो सचिन के समय में तीस गज के दायरे के बाहर 16वें ओवर के बाद 5 फिल्डर रह सकते थे। अब यह छूट 41 से 50 ओवर के बीच है।

इसके अलावा डीआरएस यानी डिसीजन रिव्यू सिस्टम का नियम सचिन के रिटायरमेंट का समय आने पर वनडे में लागू हुआ था। दरअसल, एकदिवसीय मैचों में इसे पहली बार जनवरी 2011 में ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड की श्रृंखला में इस्तेमाल किया गया।

बता दें, सचिन तेंदुलकर जैसे बैटर को आउट करने के लिए विरोधी टीमें लालायित रहती थीं। सचिन के पैड पर बॉल टच हुई नहीं कि पूरी टीम उछल पड़ती थी, खासकर ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान की टीमें तो इतना शोर मचाती थी कि अंपायर दबाव में आ ही जाते थे। इतना ही नहीं, वर्तमान क्रिकेट में बेटर कहे जाने वाले बैटर्स पाकिस्तान से पाकिस्तान में वनडे सीरीज नहीं खेले हैं, जबकि सचिन के समय के पाकिस्तान के अंपायर मेहबूब शाह और शकूर राणा को कौन समकालीन क्रिकेट प्रेमी नहीं जानता? तब दुनिया भर में यह बात कही जाती थी कि पाकिस्तान में पाकिस्तान की टीम में 13 खिलाड़ी खेलते हैं यानी दोनों अंपायर भी, और यह सही भी था। दर्जनों बार इन्होंने न सिर्फ सचिन को, बल्कि कई भारतीय बल्लेबाजों को खुलेआम गलत आउट दिया था। बाद में यही वजह बनी थी दो देशों के बीच सीरीज में न्यूटल अंपायर लगाने की। तो, आईसीसी के एलीट पैनल में शामिल अंपायर स्टीव बकनर तो सचिन के खिलाफ तेज अपील पर तर्जनी अंगुली दिखाने में एक पल नहीं लगाते थे। इसका प्रमाण यह है कि खुद बकनर ने अपने रिटायरमेंट के बाद माना है कि उन्होंने सचिन को दो मौकों पर गलत आउट दिया था। ऐसे में समझा जा सकता है कि हकीकत में कितनी बार बकनर ने सचिन का शिकार किया होगा। सचिन के साथ ऐसी नाइंसाफी ज्यादातर ऐसे समय की गई जब वे 80 से 99 के बीच होते थे।

रिकॉर्ड देखें तो सचिन वनडे में 18 बार 90 से 99 रन के बीच आउट हुए, जिनमें माना जाता है कि ज्यादातर मर्तबा उन्हें गलत आउट दिया गया, क्योंकि सचिन जब 90 पार कर लेते तो प्रतिद्वंद्वी टीम हर बॉल पर अपील करके अंपायर और सचिन पर मनोवैज्ञानक दबाव बनाने में जुट जाती थी, मानसिक रूप से मजबूत सचिन तो इसका सामना सहज ही कर लेते थे, लेकिन अंपायर दबाव में आ ही जाते थे, तब डीआरएस सिस्टम भी नहीं था। एक फैक्टर और बड़ा है।

बहरहाल, जयसूर्या, वसीम अकरम आदि का यह कहना कि सचिन आज खेल रहे होते तो, कम से कम वनडे में उनके शतक और रन दुगने होते, सही ही है। यानी 100 सेंचुरी तो वनडे की ही हो जाती और रन करीब 37,000 होते। जहां तक क्रिकेट और देश के प्रति निष्ठा का सवाल है, याद करें इंग्लैंड में विश्व कप के दौरान सचिन के पिता रमेश तेंदुलकर का निधन हो गया था, कल्पना करें उस बेटे पर क्या गुजरी होगी? लेकिन, वह मुंबई आया, अंत्येष्टि की और अगले दिन के ही मैच में मैदान में था। और तो और, उसने शतक भी जमाया और उसे पिता को समर्पित किया। लब्बो लुबाब यह कि वर्तमान किसी बैटर की सचिन के साथ तुलना करना बेमानी है। वर्तमान में कोई बैटर उनकी बराबरी करने की कल्पना भी नहीं कर सकता। यानी कई सदियों में एक सचिन तेंदुलकर मिलता है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# गुड़की सबका है...



दिनेश विजयवर्गीय
व्यंग्यकार

कई दिनों से नजर न आने वाला नेता गुड़की आज शहर से दूर बने ऑक्सीजन जॉन पार्क में घूमता नजर आया। मुझे घूमता हुआ देख वह तेज कदमों से मेरे पास आया। मैंने उससे हाथ मिलाते हुए कहा 'आओ सामने बेंच पर बैठते हैं, आराम से बातचीत करेंगे।'

गुड़की बोला 'अपन यहां नहीं बाहर जो चाय की गुमटी है, वहीं गरमा गरम चाय के साथ बात करते हैं।' चाय सिप करते हुए मैंने कहा 'गुड़की तुम्हारी नेता गिरी अपरंपार है। तुम्हारी राजनीति नैतिकता को छोड़ छल कपट स्वार्थ से परिपूर्ण होती जा रही है। यह लोकतंत्र के आदर्शों के खिलाफ है। तुम आज अपने समर्थकों के साथ कभी एक्स पार्टी में मिलते हो तो कभी मौका देख वाई पार्टी में जा कूदते हो? यह ठीक नहीं है। इससे विश्वनीयता समाप्त होती है। जनता का तुम्हारी पार्टी और तुम्हारे प्रति भरोसा टूट जाएगा।'

गुड़की चाय गटकते हुए बोला 'दयाल बाबू आप किस दुनिया में रह रहे हो? यह नैतिकता आदर्श अब राजनीति के गुणवत्ता वाले प्रभावी हथियार नहीं रहे। आज तो सबका साथ सबका विकास का जमाना है। हर पार्टी और नेता ऐन, केन प्रकारेण अपना हित चाहते हैं। सब सत्ता सुविधा और अधिकार आराम वाली जिंदगी का आनंद लेना चाहते हैं।

मैं भी पहले जिस एक्स पार्टी में था, वहां मुझे अपनी सुविधा अनुसार काम करने में परेशानी आ रही थी और वहां रहते भी दो साल होने को थे, सो मैं उचित अवसर देख वाई पार्टी के साथ चला गया। वहां भी मेरी पार्टी के लोग प्रसन्न हैं। मुझे और मेरे कई साथियों को वहां भी सत्ता की मलाई खाने का आनंद मिलने लगा है। मैं सबका हूं। जहां मेरी जरूरत होती है पहुंच जाता हूं। सदा बहने वाली नदी का पानी फ्रेश बना रहता है। बस, मैं भी राजनीति में तारो ताजा बना रहना चाहता हूं ।

रहा सवाल जनता का, वह सीधे-साधे स्वभाव की होती है। उसे समय पर कैसे टैकल किया जाता है इसका मुझे अनुभव है। जनमन को फिर से अपने लिए मोड़ना मुझे अच्छे से आता है। वक्त की जरूरत अनुसार पलटी मार लेना चाहिए। गर्म तवे पर रखी रोटी को वक्त पर पलटना ही उसकी उपयोगिता को बढ़ाता है। इसीलिए मेरा जीवन आनंददायक बना हुआ है और सदा सजग रह भविष्य के वक्त की नब्ज को टटोलता रहता हूं।'

मैं गुड़की की राजनीति की राम कथा सुन चलने को हुआ। उसने भी मुस्कुराते हुए हाथ मिलाया और यह कहता हुआ वह आगे बढ़ गया, गुड़की सबका है। मैं उसे दूर तक जाता देखता रहा।

## नॉलेज कॉर्नर: अप्रैल में 'अंधेरे' में डूबेगा अमेरिका

# सबसे लंबा सूर्य ग्रहण 3 हजार साल पूर्व

इस साल 8 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना होगी। मेक्सिको, अमेरिका और कनाडा के कुछ हिस्सों में पूर्ण सूर्य ग्रहण और पूरे उत्तरी अमेरिका में कम से कम आंशिक सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। सूर्य को चंद्रमा जब पूरी तरह से ढक लेगा तो यह समग्रता कहलाता है। इसका अधिकतम समय 4 मिनट 28 सेकंड का होगा। इसके बाद सूर्य का कुछ हिस्सा फिर से धीरे धीरे दिखाई देने लगेगा। यह सूर्य ग्रहण काफी लंबा चलेगा, लेकिन क्या यह सबसे लंबा है? वैज्ञानिकों के मुताबिक यह सूर्य ग्रहण के रिकॉर्ड के आसपास भी नहीं है। ऐसे में सबसे लंबा सूर्य ग्रहण कौन सा था? और भविष्य में आखिर कितना लंबा सूर्य ग्रहण हो सकता है? यह दरअसल, प्रकृति का मिनटों का खेल है। अब तक का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण 8 मिनट पार नहीं कर सका था।

### इस बार कितना लंबा होगा

गणना के मुताबिक 16 जुलाई 2186 में सूर्य ग्रहण के फ्रेंच गुयाना के तट से अटलांटिक महासागर को पार करने का अनुमान लगाया गया है। परिणामस्वरूप कुल 7 मिनट 29 सेकंड तक इसके चलने की भविष्यवाणी की गई है। एक्लिप्स 2024 के ग्रहण विशेषज्ञ डैन मैकग्लॉन ने कहा, '2186 के ग्रहण के दौरान चंद्रमा की छाया पृथ्वी के केंद्र के ऊपर होगी।' चंद्रमा करीब होने के कारण वास्तव में बड़ा होगा। वहीं सूर्य अपेक्षाकृत दूर होने के कारण छोटा होगा। सभी चीजें एकसाथ मिलकर 2186 के ग्रहण को सबसे लंबा बनाएंगी।



### 15 जून 743 ईसा पूर्व थी वह तारीख...

नासा की गणना के मुताबिक सूर्य ग्रहण की सबसे लंबी अवधि 15 जून 743 ईसा पूर्व की थी। तब यह 7 मिनट 28 सेकंड का था। अफ्रीका में केन्या और सोमालिया के तट पर हिंद महासागर में यह लगा था। इतना लंबा ग्रहण होने का कोई रिकॉर्ड नहीं है। कम से कम पिछले कई हजार वर्षों में ऐसा नहीं हुआ है। लेकिन अब से 150 साल बाद हम लगभग उस सीमा के करीब पहुंच सकते हैं। भविष्य में होने वाले सूर्य ग्रहण की गणना की गई है।

**भारत में नहीं दिखेगा**

*इस साल 8 अप्रैल 2024 को लगने वाला सूर्य ग्रहण यह भारत में नहीं दिखेगा। यह एक पूर्ण सूर्यग्रहण होगा, जिसे खग्रास सूर्य ग्रहण भी कहते हैं। ये तब होता है जब सूरज और पृथ्वी के बीच से चंद्रमा गुजरता है। ऐसा इसलिए होता है क्यों धरती सूरज का चक्कर लगाती है तो चंद्रमा पृथ्वी का चक्कर लगाता है।*

## X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
मुद्रा योजना ने न सिर्फ उद्यमिता को बढ़ावा दिया है, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन में अद्भुत बदलाव लाने का काम भी किया है। मुझे यह देखकर भी बहुत संतोष होता है कि इस योजना में हमारी माताओं-बहनों के साथ ही एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के लाभार्थियों की संख्या सबसे अधिक है।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
आरक्षण पर 50% की लिमिट है, हम उसे उखाड़ कर फेंक देंगे - ये कांग्रेस और INDIA की गारंटी है।



**आनंद महिंद्रा,** उद्यमी
@anandmahindra
आख़िरकार पिछले सप्ताहांत अटल सेतु पर गाड़ी चलाने का मौक़ा मिला। इंजीनियरिंग का एक बेहतरीन नमूना जो आपको ऐसा महसूस कराता है जैसे आप पानी पर उड़ते हुए एक होवरक्राफ्ट हैं।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जीवन पर ध्यान दें। हर पल कुछ न कुछ जबरदस्त घटित हो रहा है।

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी सियासी डोर को मजबूत करने में जुटे, कर सकते हैं मंच साझा

# कांग्रेस का आया न्योता, राहुल की न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश

**एजेंसी** | लखनऊ/ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर सीटों के बंटवारे पर सहमति की ओर बढ़ रही समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने एक और अहम सियासी फैसला किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव कांग्रेस की पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में जारी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। अखिलेश ने

न्याय यात्रा में शामिल होने के कांग्रेस के न्योते को स्वीकार कर लिया है। बिहार में नीतीश कुमार के महागठबंधन को छोड़कर राजग में लौटने और पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ सियासी खींचतान के बीच समाजवादी पार्टी का उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ रिश्ता मजबूत होता नजर आ रहा है। राहुल गांधी की यात्रा फिलहाल ओडिशा में है और यह 16 फरवरी को बिहार के रास्ते उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। कहा जा रहा है कि अखिलेश यादव अमेठी या रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के साथ ही साझा सभा को भी संबोधित कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश के चंदौली



के सैयदराजा स्थित नेशनल इंटर कॉलेज में इस यात्रा के तहत 16 फरवरी को एक जनसभा का आयोजन प्रस्तावित है। इसी में शामिल होने के लिए अखिलेश यादव को आमंत्रित किया गया है।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से अखिलेश यादव को न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए न्योता भेजा गया था। लेकिन कहा जा रहा है कि अखिलेश अमेठी या रायबरेली में कांग्रेस की यात्रा में शामिल होंगे। चंदौली से यूपी में यात्रा प्रवेश करने के बाद वाराणसी, जौनपुर के रास्ते सुल्तानपुर, अमेठी और रायबरेली आएगी। अब देखना यह है कि अखिलेश किस स्थान पर यात्रा में शामिल होते हैं। अमेठी और रायबरेली कांग्रेस के गढ़ रहे हैं। हालांकि पिछली बार अमेठी में राहुल गांधी भाजपा नेता स्मृति ईरानी से हार गए थे। रायबरेली से सोनिया गांधी ने अपनी सीट बचा ली थी। कांग्रेस से गठबंधन के बिना भी सपा इन दोनों सीटों पर उसे समर्थन देती रही है।

### अखिलेश को न्याय यात्रा और PDA के जोड़ की उम्मीद

सपा ने इस बारे में कहा कि एक्स पर लिखा कि अखिलेश यादव को राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में सम्मिलित होने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का निमंत्रण प्राप्त हुआ है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को बधाई देते हुए निमंत्रण स्वीकार किया और 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने के बाद अमेठी या रायबरेली में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आशा है ये 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' उप्र में प्रवेश करके पीडीए की रणनीति से जुड़ेगी और हमारे 'सामाजिक न्याय' और 'परस्पर सौहार्द' के आंदोलन को और आगे ले जाएगी। 'इंडिया' की टीम और 'पीडीए' की रणनीति, जीत का नया इतिहास लिखेगी।

### सपा ने कांग्रेस को 11 सीटें देने की थी पेशकश

इससे एक दिन पहले ही अखिलेश यादव ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि उन्हें अभी कांग्रेस का न्योता नहीं मिला है। अखिलेश यादव ने पिछले दिनों यूपी में कांग्रेस के साथ गठबंधन का एकतरफा ऐलान करते हुए 11 सीटें देने की घोषणा की थी। हालांकि यूपी के कांग्रेस नेता इससे सहमत नहीं है। 11 सीटों के ऐलान को एकतरफा बताया था। अब माना जा रहा है कि कांग्रेस बैकफुट पर है और किसी भी स्थिति में सपा को छोड़ना नहीं चाहते हैं।

### कर्नाटक के CM समेत कई मंत्रियों पर जुर्माना



**कर्नाटक।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की 2022 में उनके खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी को रद्द करने की याचिका खारिज कर दी। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सीएम सिद्धारमैया, राज्य कैबिनेट मंत्री एमबी पाटिल, रामलिंगा रेड्डी और कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही, जन प्रतिनिधियों को अदालत में पेश होने का आदेश भी दिया है। सीएम सिद्धारमैया को 6 मार्च, परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी को 7 मार्च, कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी आरएस सुरजेवाला को 11 मार्च और भारी उद्योग मंत्री एमबी पाटिल को 15 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया है।

### भाजपा की ग्राम परिक्रमा यात्रा 12 फरवरी से

**नई दिल्ली।** भाजपा 12 फरवरी से ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुआत करने जा रही है। इस यात्रा के अंतर्गत देश के लगभग दो लाख गांवों में सभाएं कर किसानों की बात सुनी जाएगी। उनसे उनकी परेशानियों और आकांक्षाओं के विषय में पूछा जाएगा। किसानों से प्राप्त यह जानकारी भाजपा के संकल्प पत्र में सम्मिलित किया जाएगा। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने बताया कि ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुआत 12 फरवरी को मां शाकंभरी देवी मंदिर, मुजफ्फरनगर से होगी। यात्रा का शुभारंभ गाय, ट्रैक्टर, हल के पूजन के साथ प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा के नड्डा करेंगे। इस अवसर पर वे मजदूरों और किसानों की महासभा को भी संबोधित करेंगे। यात्रा का उद्देश्य किसानों की आर्थिक क्षमता बढ़ाना और क्षेत्रवार किसानों के लिए नीतियां बनाना है।

प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई पर गरमाई सियासत

# आप नेताओं व अन्य के 12 परिसरों पर की छापेमारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धन शोधन की जांच के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार और आम आदमी पार्टी (आप) से जुड़े कुछ लोगों के परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली। सूत्रों ने बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े अलग-अलग मामलों में ईडी ने कार्रवाई की है। इस बीच, विपक्ष के कई नेताओं ने छापों को लेकर भाजपा पर तीखा हमला किया है।

इससे सियासत गरमा गई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार छापेमारी के तहत दिल्ली, चंडीगढ़ और वाराणसी में 12 से ज्यादा परिसरों में तलाशी ली जा रही है। आप सांसद और कोषाध्यक्ष एनडी गुप्ता समेत कई नेताओं के घर ईडी की टीम पहुंची और परिसरों की तलाशी ली गई। यह कार्रवाई दिल्ली जल बोर्ड के ठेके की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से जुड़ी है।

इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सेवानिवृत्त मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा और ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था। एक विशेष पीएमएलए अदालत ने सोमवार को उनकी हिरासत की अवधि पांच और दिन बढ़ा दी।




### गवाहों को डराकर फर्जी बयान लिए जा रहे हैं: आतिशी

इस बीच, दिल्ली की केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि हम डरने वाले नहीं हैं। ईडी को अपनी जांच में आज तक एक रुपया भी हाथ नहीं लगा। ईडी केवल गवाहों के आधार पर जांच कर रही है। लेकिन गवाहों को डराकर फर्जी बयान लिए गए हैं। अभी तक कोई सबूत नहीं मिला है। लोगों को डरा धमका कर गलत बयान पर हस्ताक्षर करवाए गए। आतिशी ने शराब नीति मामले में चल रही जांच को लेकर कहा कि जिन गवाहों से पूछताछ हुई, उनके बयान बदलकर कोर्ट में पेश किए गए। वहीं जब एक गवाह ने पूछताछ का वीडियो मांगा, तो ईडी ने उसका ऑडियो हटाकर वीडियो दिया। उन्होंने कहा, मैं ईडी से पूछना चाहती हूं कि ईडी आखिरी क्या छिपाना चाहती है जो पूछताछ के वीडियो के ऑडियो हटा दिए गए।

### भाजपा के चुनाव जीतने के हथकंडे : पवन खेड़ा

कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि चुनाव जीतने के लिए भाजपा ऐसे हथकंडे अपना रही है। खेड़ा ने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है। भाजपा की घबराहट दिख रही है, हताशा दिख रही है। अगर आपको इतना ही आत्मविश्वास है कि आप 370 और 400 सीटें ला रहे हैं, तो फिर इस तरह के हथकंडों पर तो आपको उतारू नहीं होना चाहिए।

### लोकतंत्र की हत्या: संजय राउत

शिवसेना यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने आम आदमी पार्टी के नेताओं के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, ये भी लोकतंत्र की हत्या है। यदि देश में सरकार के खिलाफ कोई बात करता है तो ईडी उसके घर पहुंच जाती है। डेमोक्रेसी का मर्डर, सिर्फ चंडीगढ़ में नहीं हुआ, पूरे देश में हुआ।

कांग्रेस का दावा: घटक दल मिलकर लड़ेंगे चुनाव

# ममता बनर्जी अब भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा: राहुल

**एजेंसी** | रांची

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी के साथ राज्य में सीटों के बंटवारे को लेकर जारी खींचतान के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि ममता बनर्जी विपक्षी गठबंधन इंडिया का का हिस्सा हैं और ज्यादातर लोग जो गठबंधन का हिस्सा थे वो अभी इसके सदस्य हैं।

राहुल गांधी ने मंगलवार को रांची में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह बात कही। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि, हां नीतीश कुमार ने गठबंधन छोड़ दिया है और वह भाजपा में चले गए हैं। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उनके जाने की क्या वजह है। उन्होंने कहा कि हम बिहार में इंडिया गठबंधन के रूप में चुनाव लड़ेंगे।इसलिए मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि हमारे कई साथी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि ममता बनर्जी लगातार कह रही हैं कि वो राज्य में कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव नहीं लड़ेंगी। उन्होंने यहां तक कह दिया है कि कांग्रेस अकेले 300 सीटों पर चुनाव लड़ ले। उन्होंने ये भी दावा किया कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पश्चिम बंगाल में प्रवेश के बारे में सूचित नहीं किया।





### ओडिशा पहुंची न्याय यात्रा

राहुल गांधी की न्याय यात्रा मंगलवार को ओडिशा पहुंची है। इससे पहले सोमवार को उन्होंने कहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर राष्ट्रव्यापी जाति आधारित जनगणना कराई जाएगी और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाई जाएगी। गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और कहा कि जब जाति आधारित जनगणना की मांग उठी और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलितों और आदिवासियों को अधिकार देने का समय आया, तो प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई जाति नहीं है, लेकिन जब वोट लेने का समय आता है तो वह कहते हैं कि वह ओबीसी हैं। गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल सरकार को गिराने का प्रयास किया, क्योंकि मुख्यमंत्री एक आदिवासी थे।

### सीटों के बंटवारे पर बातचीत

सीटों के बंटवार को लेकर पूछे गए सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि सदस्य दल सीट-बंटवारे की व्यवस्था के लिए अपनी बातचीत आगे बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने सीटों के बंटवारे को लेकर पार्टियों के बीच असहमति को सामान्य बताया। उल्लेखनीय है कि बंगाल में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस व तृणमूल कांग्रेस के बीच मतभेदों की एक वजह वामपंथी दल हैं। ममता वामदलों के लिए कोई सीट नहीं छोड़ना चाहती हैं।

केजरीवाल ने ईडी के छापों को बताया गुंडागर्दी, कहा...

# किसी की बपौती नहीं है भारत यह 140 करोड़ लोगों का देश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनके निजी सचिव और आम आदमी पार्टी से जुड़े कुछ ठिकानों पर ईडी की छापामारी गुंडागर्दी बताया है। साथ ही कहा कि ये देश कानून और संविधान से चलता है। भारत देश किसी की बपौती नहीं है। ये देश 140 करोड़ लोगों का है। इस किस्म की गुंडागर्दी लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, मेरे पीए के घर 16 घंटे



ईडी के 23 अफसरों ने रेड की। गहन छानबीन के बाद उन्हें कुछ नहीं मिला। एक पैसा नहीं मिला, कोई ज्वैलरी नहीं या किसी प्रकार की कोई संपत्ति नहीं, कोई कागज नहीं। इन्होंने मनीष सिसोदिया के यहां छापा मारा, वहां कुछ नहीं मिला। इन्होंने सत्येन्द्र जैन के यहां रेड की, वहां कुछ नहीं मिला। इन्होंने संजय सिंह के यहां रेड की, वहां कुछ नहीं मिला।क्या ईडी किसी के भी घर में ऐसे ही बिना किसी कारण घुस सकती है? क्या ये सरासर गुंडागर्दी नहीं है? इससे साफ है कि ये सभी रेड और गिरफ्तारियां केवल राजनीतिक द्वेष के तहत की जा रही हैं, हमें परेशान करने के लिए, आम आदमी पार्टी को कुचलने के लिए। दो साल हो गए जांच करते-करते। एक नया पैसा या कोई सबूत नहीं मिला।

### बजट सत्र एक दिन बढ़ा, श्वेत पत्र लाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि संसद के मौजूदा बजट सत्र को एक दिन बढ़ाकर शनिवार तक किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि सरकार श्वेत पत्र लाने की तैयारी कर रही है। इस श्वेत पत्र में 2014 से पहले और बाद में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति की तुलना की जाएगी। बता दें कि बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को हुई थी। अब बजट सत्र 10 फरवरी तक चलेगा। सीतारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण में कहा था कि केंद्र सरकार 2014 से पहले और बाद की भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति की तुलना करते हुए श्वेत पत्र जारी करेगी।

### उल्लास मेला... साक्षरता का उजाला




**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को नई दिल्ली में उल्लास मेले का उद्घाटन किया। 2030 तक 100% साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2022-2027 की अवधि के लिए नव भारत साक्षरता कार्यक्रम लागू कर रही है। यह योजना लोकप्रिय रूप से उल्लास के नाम से जानी जाती है

बिहार: विश्वास मत से पहले रणनीति को धार

# नीतीश आज से दिल्ली के दौरे पर, सीटों के बंटवारे को हरी झंडी संभव

- भाजपा-जदयू 17-17 सीटों पर लड़ सकती हैं चुनाव
- नीतीश की मोदी , शाह व नड्डा से हो सकती है मुलाकात

**एजेंसी** | नई दिल्ली/पटना

राजग में वापसी के बाद 12 फरवरी को विश्वास मत हासिल करने की रणनीति बनाने में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बुधवार को दो दिन के दौरे पर दिल्ली जाने की खबर है, जहां उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात होने की उम्मीद है।

नीतीश की पीएम मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात होने की उम्मीद है। भाजपा और जद यू दोनों पार्टियां विश्वास मत हासिल करने की रणनीति के साथ लोकसभा चुनावों को लेकर सीटों के बंटवारे पर चर्चा में जुटी हैं। सूत्रों के अनुसार दोनों दलों में पिछले चुनावों के फार्मूले के आधार पर ही चुनाव लड़ने पर सहमति बन जाने के आसार हैं। नीतीश के दिल्ली दौरे में इस फॉर्मूले को हरी झंडी मिल सकती है। पिछली बार दोनों पार्टियों ने





राज्य 40 सीटों में से बराबर 17-17 सीटों पर चुनाव लड़ा था। शेष 6 सीटें राजग में शामिल लोजपा को दी गई थी।

सूत्रों के अनुसार दोनों पार्टियां इस बार भी इसी सूत्र के साथ आगे बढ़ने पर सहमत हैं। सब कुछ ठीक रहा तो फरवरी के आखिर तक सीट बंटवारे का ऐलान किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार बची हुई 6 सीटों को चिराग पासवान, पशुपति पारस, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी के बीच बांटा जाएगा। हालांकि मांझी नीतीश के राजग में लौटने बाद हाल ही में हुए विभागों के बंटवारे को लेकर नाराज बताए जाते हैं। नीतीश और भाजपा को फिलहाल उनकी नाराजगी का हल भी ढूंढना है। इसके लिए दोनों ही पार्टियां कई संभावित विकल्पों पर विचार कर रही हैं। जिनमें सहयोगी दलों को राज्यसभा की कुछ सीटों की भी पेशकश भी की जा सकती है। 2019 में रामविलास पासवान की पार्टी लोजपा को 6 सीटें मिली थीं। लेकिन इस बार का समीकरण बदल गए हैं। लोजपा खुद ही चिराग पासवान और पशुपति पारस में बंट गई है। वहीं जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा राजग से जुड़ गए हैं।

### ब्लॉक स्तर पर समन्वय समिति का होगा गठन

लोकसभा चुनाव में मिशन 40 पर राजग नेताओं ने काम करना शुरू कर दिया है। जल्द ही ब्लॉक स्तर पर समन्वय समिति का गठन करने की रणनीति है। इस समन्वय समिति में सभी दलों ने प्रखंड अध्यक्ष शामिल होंगे। जिला स्तर पर भी इसी तरह की एक समिति बनाने की तैयारी है। समन्वय समिति ही बूथ को साधने का काम करेगी और सभी नेताओं को चुनाव में सक्रिय रखेगी। सूत्रों का कहना है कि 12 फरवरी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक साथ मंच साझा कर सकते हैं। इस मंच से सभी नेता कार्यकर्ताओं को एक होने का संदेश देंगे।

### सीटों के बंटवारे पर निर्णायक वार्ता 10 के बाद संभव

बिहार में सीट बंटवारे को लेकर पूछे गए सवाल पर जेडीयू के सलाहकार और प्रवक्ता केसी त्यागी कहते हैं, सीट बंटवारे को लेकर 2 तथ्य हैं। पहला, जदयू ने पिछली बार भाजपा के साथ मिलकर 17 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 16 सीटों पर जीती थी। दूसरा तथ्य यह है कि हमारी पार्टी झारखंड और उत्तर प्रदेश में भी पिछली बार की तुलना में ज्यादा मजबूत है, इसलिए हम वहां भी लड़ना चाहेंगे। त्यागी के मुताबिक 10 फरवरी के बाद सीट बंटवारे पर फाइनल बातचीत शुरू होगी, जिस पर जल्द ही मुहर लग जाएगी. क्योंकि सब कुछ लगभग तय है। आरएलजेडी प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा का कहना है कि सीट बंटवारा बड़ा मुद्दा नहीं है। हम लोगों का लक्ष्य 40 में से 40 सीट जीतने का है। बिहार राजग में जल्द ही सीट बंटवारे का काम हो जाएगा।

## जरूरी खबर

### अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत, समन रद्द



**पणजी।** बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा पीठ ने मंगलवार को आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत दी। हाई कोर्ट ने केजरीवाल को जारी किए गए समन को रद्द कर दिया। अमित पालेकर ने कहा कि हाई कोर्ट ने 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान दायर एक शिकायत पर दिल्ली के सीएम को जारी किए गए समन को रद्द कर दिया है। मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मापुसा ने केजरीवाल को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और रिश्वतखोरी से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धारा 171 (E) के तहत तलब किया था।

### दिल्ली: आतंकी मॉड्यूल का साजिशकर्ता अरेस्ट

**जम्मू।** दिल्ली पुलिस ने जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल के एक मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया है। आरोपी को चार फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी पिछले साल भारतीय सेना से रिटायर्ड हुआ था। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि आरोपी पहचान रियाज अहमद के रूप में हुई है। वह आतंकवादी आकाओं द्वारा नियंत्रण रेखा के पार से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने में खुर्शीद अहमद राथर और गुलाम सरवर राथर के साथ साजिश रचने में शामिल था।

### सभी तहखानों के सर्वे की मांग पर 15 को सुनवाई



**वाराणसी (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सर्वे कराए जाने का आदेश देने के आग्रह वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने मंगलवार को बताया कि कार्यवाहक जिला जज अनिल कुमार की अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का एएसआई से सर्वे कराए जाने का आदेश देने के आग्रह वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है।

## पीएम मोदी गोवा में... प्रदर्शनी का अवलोकन और मुलाकात



**पणजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गोवा के दौरे के दौरान कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने पणजी में भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन किया। इसके अलावा कई परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। चित्र में प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत, विकसित गोवा- 2047 कार्यक्रम के दौरान एक प्रदर्शन का अवलोकन करते हुए तथा परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान एक बच्ची से बतियाते हुए।

### भारत-म्यांमार सीमा: 1643 किमी में लगेगी बाड़




**नई दिल्ली।** हिंसाग्रस्त मणिपुर के हालात बिगाड़ने में विदेशी ताकतों की साजिश के दावों के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। इसके साथ ही बेहतर निगरानी के लिए सीमा पर एक गश्ती ट्रैक भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीमा की कुल लंबाई में से मणिपुर के मोरेह में 10 किमी तक पहले ही बाड़ लगाई जा चुकी है। इसके अलावा हाइब्रिड सर्विलांस सिस्टम (एचएसएस) के माध्यम से बाड़ लगाने की दो पायलट परियोजनाएं भी चलाई जा रही हैं। इसके तहत अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में प्रत्येक एक किमी की दूरी पर बाड़ लगाए जाएंगे। इसके अलावा मणिपुर में लगभग 20 किलोमीटर तक बाड़ लगाने के काम को भी मंजूरी दे दी गई है।

**भारत ऊर्जा सप्ताह:** 7.5 % की दर से बढ़ रही है भारतीय अर्थव्यवस्था

# ऊर्जा क्षेत्र में 5-6 वर्ष में 67 अरब डॉलर का होगा निवेश: PM मोदी

एजेंसी | पणजी (गोवा)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अगले पांच से छह वर्ष में देश में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब डॉलर का निवेश होगा। इसके साथ ही उन्होंने वैश्विक निवेशकों को भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत ऊर्जा सप्ताह के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है। हाल ही में आईएमएफ ने अनुमान जताया है कि हम इसी रफ्तार से आगे बढ़ेंगे। देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था



बन जाएगा। उन्होंने वैश्विक कंपनियों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि देश को 2030 तक अपनी रिफाइनिंग क्षमता 254 एमएमटीपीए (मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष) से बढ़ाकर 450 एमएमटीपीए करने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के बीच भारत में सभी को सस्ती ऊर्जा मुहैया कराई जा रही है। पीएम मोदी ने विकसित भारत विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम की शुरुआत की और कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

### 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत कच्चे तेल तथा एलपीजी का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है। भारत 2030 तक अपने ऊर्जा मिश्रण में गैस की हिस्सेदारी बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक उत्सर्जन में भारत का केवल चार प्रतिशत हिस्सा है और 2070 तक 'नेट जीरो' का लक्ष्य रखा गया है।

#### क्या है 'नेट जीरो'

'नेट जीरो' से तात्पर्य है कि कोई देश वातावरण में कार्बन आधारित ग्रीनहाउस गैसों का जितना उत्सर्जन कर रहा है, उतना ही उसे सोख और हटा भी रहा है। यानी उसकी तरफ से वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों का योगदान न के बराबर हो।

#### इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11 लाख करोड़ होंगे खर्च

उन्होंने कहा कि आज भारत अपने यहां 21वीं सदी का आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बना रहा है। हम इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्डिंग मिशन पर काम कर रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष में हम इंफ्रास्ट्रक्चर पर करीब 10 लाख करोड़ रुपए का निवेश कर रहे हैं।

**चीन-पाकिस्तान** सीमा पर बढ़ेगी ताकत

## भारत तैनात करेगा 12 निगरानी विमान 'नेत्र'

एजेंसी | नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान सीमा पर हवाई निगरानी बढ़ाने के लिए 12 नए सर्विलांस विमान तैयार करने पर विचार किया जा रहा है। ये एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग एंड कंट्रोल विमान होंगे। इन विमानों को नेत्र के नाम से जाना जाता है। इनकी तैनाती से भारत की रक्षा क्षमता तो बढ़ेगी। इसके साथ ये विमान दुश्मन के जेट विमानों के साथ हवाई युद्ध के दौरान अपने लड़ाकू विमानों को की मदद भी करेंगे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन और वायुसेना मिलकर ये स्वदेशी हवाई चेतावनी प्रणाली वाले विमान नेत्र के 6 मार्क-1ए और छह मार्क-2 वर्जन को विकसित कर रहे हैं। इनमें से तीन विमान पहले ही बनाए जा चुके हैं और 2017 से उन्हें वायुसेना में शामिल किया जा चुका है। रक्षा मंत्रालय अगले हफ्ते छह मार्क-1ए विमानों की आवश्यकता की स्वीकृति पर विचार करेगा।



#### 300 डिग्री तक राडार कवरेज करेंगे प्रदान

सूत्रों ने बताया कि ये छह विमान पहले तीन एम्ब्रेयर-145 जेट-आधारित नेत्र विमानों के समान होंगे, जिनमें 240 डिग्री रडार कवरेज है। हालांकि, उनमें बेहतर सॉफ्टवेयर और रडार के लिए नए गैलियम नाइट्राइड-आधारित टीआर मॉड्यूल जैसी एडवांस टेक्नलॉजी होगी। सूत्र ने कहा, पहला मार्क-2ए विमान 2026-27 तक वायु सेना के बेड़े में शामिल हो सकता है, जिसमें 300 डिग्री रडार कवरेज प्रदान करने के लिए एक अतिरिक्त एंटीना होगा। मार्क-2 विमान की तकनीक को मार्क-1ए वर्जन में भी शामिल किया जाएगा।

**नकल पर नकेल कसने** संबंधी विधेयक लोस में पास

## पुलिस संदिग्धों को बिना किसी वारंट के कर सकेगी गिरफ्तार

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा ने 'लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024' को मंगलवार को मंजूरी दी। विधेयक में सरकारी भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और फर्जी वेबसाइट जैसी अनियमितताओं के खिलाफ तीन साल से 10 साल तक की जेल और न्यूनतम एक करोड़ रुपए के जुर्माने के प्रावधान है। अब इसे राज्यसभा में भेजा जाएगा। यह बिल कानून बनाता है तो पुलिस



बिना किसी वारंट के संदिग्धों को गिरफ्तार करने का अधिकार होगा। आरोपी को जमानत नहीं मिलेगी और इन अपराधों को समझौते से नहीं सुलझाया जा सकेगा। हालांकि, प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले उन बच्चों को टारगेट नहीं किया जाएगा, जो जानबूझकर इसमें शामिल नहीं होते हैं। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी या अभ्यर्थी इस कानून के दायरे में नहीं आते और ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि इसके माध्यम से उम्मीदवारों का उत्पीड़न होगा।

### यूएपीए के तहत 17 संगठन गैरकानूनी घोषित

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत वर्तमान में 17 संगठनों को गैरकानूनी संघ घोषित किया गया है। केंद्र ने मंगलवार को लोकसभा में इसकी सूचना दी।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक लिखित उत्तर में स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) का नाम लेते हुए विवरण साझा किया। इसमें यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा), नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (एनडीएफबी), मैतेई चरमपंथी संगठन का नाम भी शामिल है।

## डिजिटल न्यूज पेपर्स पब्लिशर्स का सम्मेलन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर मंगलवार को नई दिल्ली में डिजिटल न्यूज पेपर्स पब्लिशर्स एसोसिएशन के सम्मेलन और पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए।

**उत्तराखण्ड: UCC विधेयक विधानसभा में पेश, बदलेंगे कई कानून**

# लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले होंगे अब कई नियमों के घेरे में

■ 21 वर्ष से कम आयु वालों को लिव इन के लिए माता-पिता से लेनी होगी सहमति

एजेंसी | देहरादून

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) उत्तराखंड 2024 विधेयक पेश किया। यूसीसी के तहत प्रदेश में सभी नागरिकों के लिए एकसमान विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता, जमीन, संपत्ति और उत्तराधिकार के कानून लागू होंगे चाहे वे किसी भी धर्म को मानने वाले हों। विधेयक में विरासत के अधिकार, अनिवार्य विवाह पंजीकरण और लड़कियों के लिए विवाह योग्य आयु बढ़ाने की सिफारिशें भी शामिल हैं। इस विधेयक में लिव इन रिलेशनशिप में रहने को लेकर कई सारे बदलाव किए गए गए हैं। उनके लिए रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा।

रजिस्ट्रेशन न कराने पर कपल को छह महीने की जेल हो सकती है। साथ ही 25 हजार का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। ऐसे जोड़े जिनकी उम्र 21 साल से कम है, वे अगर लिव इन में रहते हैं तो पहले उन्हें माता-पिता से सहमति लेनी होगी। रजिस्ट्रेशन के बाद रजिस्ट्रार भी उनके अभिभावकों को इस बारे में सूचना देंगे।



### बच्चों को होगी कानूनी मान्यता

लिव-इन रिलेशनशिप से पैदा हुए बच्चों को कानूनी मान्यता मिलेगी यानी, वे दंपती की वैध संतान होंगे। बिल में यह भी प्रस्ताव है कि लिव-इन रिलेशनशिप उन मामलों में पंजीकृत नहीं किए जाएंगे, जो नैतिकता के विरुद्ध हैं। यदि एक साथी विवाहित है या किसी अन्य रिश्ते में है, यदि एक साथी नाबालिग है, और यदि एक साथी की सहमति जबरदस्ती, धोखाधड़ी द्वारा प्राप्त की गई थी, या गलत बयानी (पहचान के संबंध में) की गई है, तो पंजीकृत नहीं किया जाएगा।

#### रजिस्टर्ड लिव इन रिलेशनशिप को खत्म करना अब नहीं होगा आसान

रजिस्टर्ड लिव-इन रिलेशनशिप को खत्म करना भी आसान नहीं होगा। इसके लिए निर्धारित प्रारूप में एक लिखित बयान दाखिल करना होगा। यदि रजिस्ट्रार को लगता है कि संबंध समाप्त करने के कारण गलत या संदिग्ध हैं, तो इसकी पुलिस जांच भी हो सकती है। 21 वर्ष से कम आयु वालों के माता-पिता या अभिभावकों को भी इसके बारे में सूचित किया जाएगा।

#### समान नागरिक संहिता के प्रमुख बिंदु

- तलाक के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा।
- तलाक के बाद भरण पोषण का नियम एक होगा।
- गोद लेने के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा।
- संपत्ति बटवारे में लड़की का समान हक सभी धर्मों में लागू होगा।
- अन्य धर्म या जाति में विवाह करने पर भी लड़की के अधिकारों का हनन नहीं होगा।
- सभी धर्मों में विवाह की आयु लड़की के लिए 18 वर्ष अनिवार्य होगी।
- लिव इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण जरूरी होगा।
- प्रदेश की जनजातियां इस कानून से बाहर होंगी।
- एक पति पत्नी का नियम सब पर लागू होगा, बहुपत्नी प्रथा होगी समाप्त।

## जवाहर कला केंद्र में स्ट्रिंग म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट वर्कशॉप का शुभारंभ, भट्ट बोले...

# 5 भारतीयों को ग्रैमी अवॉर्ड से नवाजा जाना हमारे भारतीय संगीत की ताकत



**बेधड़क | जयपुर**

जाकिर हुसैन, राकेश चौरसिया, शंकर महादेवन समेत 5 भारतीयों को ग्रैमी अवॉर्ड से नवाजा जाना भारतीय संगीत की ताकत है। सब उत्साहित हैं। यह विचार अमेरिका प्रवास से लौटे जयपुर निवासी संगीतज्ञ पंडित कृष्ण मोहन भट्ट ने रखे। उन्होंने संगीत कार्यशालाओं को बेहद जरूरी बताया, क्योंकि उनके अनुसार शास्त्रीय संगीत हमारी जड़ों से हमें जोड़े रखता है। यह समय है सभी को अवगत कराने का कि हमारी पुरातन संगीत परंपरा कितनी समृद्ध है।

वे जवाहर कला केन्द्र के प्रयास मधुरम के तहत आयोजित स्ट्रिंग म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट वर्कशॉप की शुरुआत के मौके पर बोल रहे थे। वहां 16 वर्ष से अधिक आयु के 35 प्रतिभागियों ने आवेदन किया है। 13 फरवरी तक चलने वाली वर्कशॉप में इच्छुक प्रतिभागियों के लिए आवेदन जारी रखे गए हैं। रोजाना दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक प्रतिभागी सितार वादन से जुड़ी बारीकियां सीखेंगे।

गौरतलब है कि पं. कृष्ण मोहन भट्ट भारत रत्न से सम्मानित पं. रवि शंकर के शिष्य रहे हैं। न्यूयॉर्क समेत विभिन्न देशों में प्रस्तुति दे चुके भट्ट को 'गुणिजन' सम्मान समेत कई अवॉर्ड से नवाजा जा चुका है।

### युवाओं के लिए यह बड़ा अवसर

इस मौके पर पंडित चंद्र मोहन भट्ट ने बताया, कि यह बड़ा अवसर है जब इतने वाद्य यंत्रों में से मुख्यतः सितार की व्यावहारिक शिक्षा के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। सितार को लेकर आमधारणा बन गई है, कि इसे बजाना कठिन है लेकिन इसमें शास्त्रीय के साथ-साथ लोक संगीत, तंत्रकारी अंग व गायकी अंग का वादन किया जा सकता है।




### ये रहेगा प्रतिभागियों के लिए खास

शास्त्रीय संगीत परंपरा से युवाओं को जोड़ने के लिए कार्यशाला बहुत कारगर है। 8 दिवसीय कार्यशाला में दोनों हाथों का बैलेंस, ताल के अनुसार छंद निर्माण, अलग-अलग तालों में उपज अंग से तैयार धुनें, तराने-ठुमरी की बंदिशें आदि सिखाई जाएंगी। प्रतिभागियों की प्रस्तुति के साथ कार्यशाला का समापन होगा। संगीत के छात्रों के अलावा कई अन्य पेशों से आने वाले प्रतिभागी अपनी रुचि के अनुरूप सितार वादन सीख रहे हैं। पं. चंद्र मोहन भट्ट 5 पीढ़ियों से संगीत साधना में लीन जयपुर भट्ट परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने पिता पं. शशिमोहन भट्ट से सितार वादन की शिक्षा हासिल की।

### गुरु की भूमिका होती है अहम

इस मौके पर राजस्थान विश्वविद्यालय के संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वंदन कल्ला इस दौरान मौजूद रहीं। उन्होंने कहा, कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया पर हर जानकारी उपलब्ध है लेकिन भारत में एक समृद्ध गुरु शिष्य परंपरा है। व्यक्तित्व निर्माण से लेकर करियर निर्माण तक गुरु की भूमिका अहम होती है।

## देवनानी ने किया पोस्टर लॉन्च



**बेधड़क. जयपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह की ओर से 11 फरवरी को धाणक्या रेलवे स्टेशन स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर होने वाले पंडित दीनदयाल की 56वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, धर्म जागरण समन्वय मंच के प्रमुख राम प्रसाद, समारोह समिति अध्यक्ष मोहनलाल छीपा, भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया सहित कई गणमान्य लोगों ने विमोचन कार्यक्रम में शिरकत की। समारोह समिति अध्यक्ष मोहनलाल छीपा ने बताया कि समिति का उद्देश्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक की सहायता से उनके विचारों को देश दुनिया में प्रसारित करना है। समारोह समिति आगामी वर्षों में एकेडमिक व्यवहारिक दोनों दृष्टि से कार्य करेगी। 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक धनक्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## 'बेटर हाफ' में आएगा भूचाल

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से पाक्षिक नाट्य योजना में 9 फरवरी को नाटक 'बेटर हाफ' का मंचन किया जाएगा। रंगायन सभागार में शाम 6:30 बजे से होने वाले नाटक की परिकल्पना, लेखन व निर्देशन आशीष श्रीवास्तव ने किया है। चेतना रंग समूह के कलाकार मंच पर मार्मिक कहानी को साकार करेंगे। बेटर हाफ एक बंगाली वृद्ध जोड़े की जिन्दगी के इर्द-गिर्द घूमती है। दोनों पति-पत्नी शादी के 30 साल बाद भी एक-दूसरे से बेहद प्यार करते हैं। अचानक उनकी जिंदगी में दु:खद मोड़ आता है और दोनों अलग हो जाते हैं। नाटक प्रेम, वियोग और परमार्थ के भावों को व्यक्त करता है।

## आज से होंगे विशेष आयोजन




**बेधड़क. जयपुर।** जैन बंधु बुधवार से 3 दिन जैन तीर्थंकरों के कल्याणक दिवस मनाएंगे। इस मौके पर जयपुर महानगर व जयपुर जिले के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन होंगे। पहले दिन जैन धर्म के 10वें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। भट्टारकजी की नसियां स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य चैत्य

## City इवेंट्स

### रवींद्र मंच पर दिखेंगे कला के विभिन्न रंग



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के कला मंच रवींद्र मंच के हीरक जयंती समारोह के तहत पिछले कई महीनों में कई आयोजन हुए, जिसमें नाटक खास रहे। अब यहां ठाकुर रवीन्द्र नाथ टैगोर की स्मृति में रवीन्द्र कला संगम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश और देश के युवा चित्रकारों की कलाकृतियां रवीन्द्र मंच की कला दीघा में प्रदर्शित की गई हैं, जो खास आकर्षण है। इसमें दीपा ने शहर में हो रहे बदलावों को अपने चित्रों के जरिए दर्शाया है। लैंडस्केप के जरिए जयपुर और आमेर की कहानियों को बयां किया है, जो इन दिनों कला प्रेमियों के साथ हर वर्ग के लोगों को प्रभावित कर रहा है। इस प्रदर्शनी का आयोजन 11 फरवरी तक किया जाएगा। अभी तक हजारों लोगों ने प्रदर्शनी को देखा और इसके बारे में जानकारी ली।

### एक बार फिर विलन बनेंगे रणबीर

**बेधड़क, जयपुर।** एनिमल में रणबीर कपूर के ग्रे शेड को लोगों ने खूब पसंद किया। फिल्म अभी भी ओटीटी पर धूम मचा रही है। अब खबर आ रही है कि कुछ ऐसा ही ग्रे किरदार रणबीर एक बार फिर से निभाने वाले हैं। फिल्म होगी संजय लीला भंसाली की हाल ही अनाउंस की गई 'लव एंड वॉर'। यह मूवी अनाउंसमेंट के बाद से ही सुर्खियों में है। यह एक एक्शन लव स्टोरी होगी। फिल्म से जुड़े करीबी सूत्रों ने बताया है कि फिल्म मेकर संजय लीला भंसाली के पास कुछ समय से इस तरह की फिल्म बनाने का विचार था। उन्होंने आलिया और विक्की कौशल को फिल्म के लिए पहले से ही सोच लिया था, लेकिन लीड रोल के लिए जो चेहरा चाहिए था वो अब रणबीर कपूर के रूप में मिला है।

### हरियाली लाने को सड़कों पर जयपुराइट्स



**बेधड़क, जयपुर।** विद्याधर नगर क्षेत्र को आदर्श ग्रीन एरिया बनाने के लिए स्थानीय नागरिक लामबंद हैं। इसी के चलते सर्दी-गर्मी-बरसात वे अल सुबह पौधारोपण और पहले से लगे पेड़-पौधों की देखभाल के लिए निकल पड़ते हैं। इन दिनों पड़ रही सर्दी में भी उनका काम जारी है। उन्होंने विद्याधर नगर के मंदिर मोड़ सर्किल से शास्त्रीनगर की ओर जाने वाली रोड साइड की ग्रीन बेल्ट में पौधा रोपण और श्रमदान किया। एक ग्रुप ने बड़े टैंकर से पानी डाला। साथ ही विद्याधर नगर की विभिन्न गलियों से पिकअप द्वारा मलवा उठाया गया। इसके लिए सुबह 6:30 से 11:30 बजे तक लोग काम करते रहे।

## भारतीय-ईरानी कलाकारों की कला जयपुर के मंच पर

# कला शैली में धर्म, समाज और संस्कृति के संबंध किए उजागर




**बेधड़क | जयपुर**

भारत और ईरान के आपसी आपसी संबंधों का मजबूती देने वाली आर्ट एग्जिबिशन तज्किरा से कला प्रेमी रूबरू हुए। जयपुर आर्ट समिट की ओर से एग्जिबिशन में कला प्रेमियों को भारत और ईरान की परम्परागत चित्रकला, हस्तशिल्प और मिनिएचर आर्ट देखने को मिल रही है। इस दौरान भारतीय और ईरानी कला शैली में धर्म, समाज और संस्कृति के परस्परिक संबंध और रंगों के संयोजन को नजदीक से देखा-सुना और समझा गया। 8 फरवरी तक चलने वाली यह प्रदर्शनी इंडिया-ईरान के आर्टिस्ट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत है। भारत में करीब 256 पारंपरिक कलाएं और रचनाए प्रचलित हैं, जो सूर्य उदय की पहली किरण का प्रतिनिधित्व करते हुए शाम की पूजा के साथ समाप्त होती हैं। संस्कृति और धर्म कई प्रतीकों के साथ अविभाज्य है। फूल, नदियां, पहाड़, पत्थर, तारे जैसी पवित्र छवियां और यहां तक कि रंगीन रचनात्मक मूर्तियां, पेंटिंग, सुलेख, संगीत और नृत्य जैसे कई दृश्य हमें प्रकृति और धर्म के साथ जोड़ते हैं। इस प्रकार के आयोजनों में आए दर्शकों को कलात्मक अभिव्यक्तियों को देखने के अलावा विभिन्न देशों और पृष्ठभूमि वाले सृजनकारों के वास्तविक जीवन के अनुभवों की सांस्कृतिक समझ में निहित कला को समझने का अवसर मिल रहा है। भारतीय कलाकारों की कला कृतियों में मिनिएचर आर्ट जीवंत हुआ तो ईरानी कलाकृतियों में प्राचीन फारस की अनुभूति और हस्तशिल्प है।

## राजस्थान से 12 फिल्मों की स्क्रीनिंग 9 से

# सिनेमा पर चर्चा के साथ AI एक्टिंग वर्कशॉप होगी खास





**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्ट-2024 में इस बार 12 राजस्थान की फिल्में देखने को मिलेंगी। साथ ही श्रेष्ठ 23 फिल्मों की भी स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके लिए आयोजन 9 फरवरी से शुरू हो रहा है। 2971 फिल्मों में से 67 देशों की 329 फिल्मों का चयन जिफ के लिए हुआ था, जिसमें से ये टॉप आवार्डेड मूवीज हैं। 10 देशों की दिखाए जाने वाली अवार्डेड फिल्में द लास्ट मील, फेहुजाली, बिम्बिसार, सॉन्ग ऑफ़ द सूफी, 5 सीजन-ए जर्नी, कन्ने कलाईमाने, गीला आइसलैंड, द रामराज्य ऑफ भगवान दासन, खेरवाल, मेरे करम, ए पीस लिबर्टी, कुंडालू, वोटिंग फॉर कल्की और द लास्ट डोल शामिल हैं। राजस्थान से बत्ती, वीरबाला, पुष्कर फेयर, पानी और आग, चाह (इच्छा), लव यू म्हारी जान, चल जिंदगी, मैं थांसू दुर नहीं, क्रॉस रोड, एक गांव दिशा की और आंगन और ब्याव फिल्मों की स्क्रीनिंग होंगी।

दूसरी ओर नॉमिनेटेड 329 फिल्मों में से 100 फिल्मों की स्क्रीनिंग ऑनलाइन की जाएगी। आयनॉक्स जी टी सेन्ट्रल और राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति झालाना में फिल्मों की स्क्रीनिंग दोपहर 12 से 6 बजे तक होगी। 10 फरवरी को राजस्थानी सिनेमाः क्या फिर आएगा सुनहरा दौर?, 11 फरवरी को एआई और सिनेमा उद्योगः चुनौतियां, 12 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से एंड्रयू वायल द्वारा अभिनय पर मास्टर क्लास और 13 फरवरी को गुजराती सिनेमाः ऑस्कर में नॉमिनेशन के बाद के हालातों पर चर्चा होगी।

**खेल प्रतियोगिता** | उत्तर-पश्चिम रेलवे की मेजबानी में हुए रोचक मुकाबले

# राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप में प्लेयर्स ने दिखाया दमखम

**बेधड़क | जयपुर**

देश भर के प्लेयर्स ने जयपुर की रिंग में दो-दो हाथ आजमाए तो खेल प्रेमी रोमांचित हो उठे। मौका था उत्तर-पश्चिम रेलवे की मेजबानी में सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप का, जो गणपति नगर किक्रेट ग्राउण्ड में आयोजित की गई।




फाइनल परिणाम में मैन्स फ्री स्टाइल प्रतिस्पर्धा में हरियाणा, मैन्स ग्रीको रोमन प्रतिस्पर्धा में रेलवे स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड और वुमन फ्री स्टाइल प्रतिस्पर्धा में हरियाणा को विजेता घोषित किया गया। अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप के अंतिम दिन 5 फरवरी को देर रात्रि तक चले मुकाबलों में कई रोचक मोड़ देखने को मिले। प्रतियोगिता के अंतिम दिन अमिताभ (महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे) खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर रेलवे के अधिकारीगण व कर्मचारी तथा रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के अधिकारी, खेल पुरस्कार विजेता और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

समापन पर विजेता प्लेयर्स को सम्मानित किया गया तो वे उत्साहित नजर आए और साथियों के साथ अपनी-अपनी जीत को चीयरअप किया। इस मौके पर गोवा, हरियाणा, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, त्रिपुरा, पंजाब, सिक्किम, छत्तीसगढ़, पांडिचेरी आदि प्रदेश और शहरों से प्रतियोगी आए और शानदार खेल का प्रदर्शन किया।





मनुष्य के लिए कठिनाइयां बहुत ज़रूरी हैं, क्योंकि उनके बिना सफलता का आनंद नहीं लिया जा सकता।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### 14 फरवरी को UAE के पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# अबू धाबी में महंत स्वामी महाराज का ग्रैंड वेलकम



**कहां बना है भव्य मंदिर**

बीएपीएस हिंदू मंदिर राजधानी अबू धाबी के अबू मुरीखा क्षेत्र बनाया गया है। मंदिर में सात शिखर हैं। 402 खंभे हैं। इसमें गुलाबी बलुआ पत्थर और संगमरमर का इस्तेमाल किया गया है। मंदिर को बनाने में 40 हजार घन मीटर संगमरमर, 1 लाख 80 हजार घन मीटर बलुआ पत्थर और 18 लाख ईंटों का प्रयोग किया गया है।



**700 करोड़ में बना मंदिर**

यह मंदिर पश्चिम एशिया का पत्थरों से बना सबसे बड़ा मंदिर होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे बनाने में 700 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि खर्च हुई है। इस मंदिर क्षेत्र का निर्माण 27 एकड़ भूमि पर हुआ है। इस मंदिर को बनाने में उत्तरी राजस्थान से अबू धाबी तक गुलाबी बलुआ पत्थर पहुंचाया गया। यूएई की भीषण गर्मी से इन पत्थरों को कुछ नहीं होगा।

**एजेंसी** | अबू धाबी

मुस्लिम देश संयुक्त अरब अमीरात में हिंदू मंदिर के उद्घाटन का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। इससे पहले आध्यात्मिक लीडर महंत स्वामी महाराज अबू धाबी पहुंचे। स्वामी महाराज मंदिर उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। वे राजकीय अतिथि के रूप में अबू धाबी पहुंचे। 700 करोड़ रुपए की लागत से बने इस भव्य मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को करेंगे। हवाई अड्डे पर पहुंचने पर महंत स्वामी महाराज का संयुक्त अरब अमीरात के सहिष्णुता मंत्री शेख नहयान मबारक अल नहयान ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मंत्री शेख नहयान ने कहा कि हमारा देश आपकी उपस्थिति से धन्य है। हम आपकी दयालुता से प्रभावित हैं और हम आपकी प्रार्थनाओं को महसूस करते हैं। जवाब में महंत स्वामी महाराज ने कहा कि हम आपके प्यार और सम्मान से प्रभावित हैं। यूएई के नेता महान, अच्छे और बड़े दिल वाले हैं। महंत स्वामी महाराज का नर्तकों, ढोल वादकों और मंत्रोच्चार करने वालों की एक मंडली द्वारा अरबी शैली में स्वागत किया गया। यह आयोजन यूएई का पारंपरिक सांस्कृतिक प्रदर्शन है जो आमतौर पर राष्ट्रीय छुट्टियों और आने वाले प्रमुखों के स्वागत समारोहों के मौके पर आयोजित होता है।



**यह भारत-यूएई की दोस्ती का प्रमाण**

महंत स्वामी महाराज बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के गुरु हैं। महंत स्वामी महाराज के मार्गदर्शन में मंदिर परियोजना की देखरेख कर रहे ब्रह्मविहारीदास स्वामी ने शाही स्वागत को लेकर कहा कि यह परम पावन प्रमुख स्वामी महाराज की आध्यात्मिकता और संयुक्त अरब अमीरात, भारत और बीएपीएस के नेतृत्व की उदारता, ईमानदारी और दोस्ती का एक कालातीत प्रमाण है।

### गाजा पट्टी और हमास को लेकर दिया बड़ा बयान

# जंग के बीच सऊदी अरब पहुंचे अमेरिकी विदेश मंत्री

**एजेंसी** | रियाद

इजराइल और हमास के युद्ध के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन रियाद पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनका देश गाजा पट्टी में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सऊदी अरब के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि हमास एक आतंकवादी समूह है और उसका एकमात्र एजेंडा इजराइल को तबाह करना है। ब्लिंकन ने इससे पहले तेल अवीव और अम्मान का दौरान किया और वहां के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की।

ब्लिंकन ने अपने सऊदी अरब के समकक्ष प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ संयुक्त रूप से मीडिया से बातचीत की। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि हममें से कोई भी किसी भी तरफ नागरिकों के पीड़ित नहीं देखना चाहता है, चाहे वह इजराइल हो, गाजा या कहीं और हो। हम उनकी रक्षा के लिए अपनी पूरी कोशिश करने के लिए एक साथ काम कर रहे हैं। साथ ही, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करें कि हमारी क्षमता के अनुसार यह संघर्ष अन्य मोर्चों पर अन्य स्थानों पर न फैले। इसके अलावा, अमेरिका और सऊदी अरब कई अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बहुत निकटता से काम कर रहे हैं, जहां अधिक शांति, स्थिरता और सुरक्षा लाने की कोशिश करना बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें यमन के साथ-साथ सूडान भी शामिल है।

वहीं, सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने कहा कि हमें जल्द स्थिति को नियंत्रित करने का रास्ता ढूंढने की जरूरत है। कम से कम गोलाबारी बंद करनी होंगी और मानवीय चुनौतियों के समाधान की दिशा में काम करना होगा। गाजा में मानवीय स्थिति बहुत खराब है। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है कि मानवीय राहत पहुंचाने की अनुमति दी जाए। हमें हिंसा के चक्र से बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।



**5वीं बार सऊदी पहुंचे एंटनी ब्लिंकन**

गाजा में इजरायल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिकी विदेश मंत्री चार बार सऊदी अरब जा चुके हैं। वहीं अब वह सऊदी क्राउन प्रिंस से मिलने पांचवीं बार पहुंच गए हैं। क्षेत्रीय तनाव को कम करने के लिए उन्होंने सऊदी प्रिंस से बातचीत की। हालांकि हमास और इजराइल के बीच चल रहे युद्ध की आग में हूती विद्रोहियों ने घी काम काम कर दिया है। ईरान समर्थित हूती विद्रोही अमेरिका से बदला लेना चाहते हैं। ऐसे में अमेरिका की तरफ से प्रस्तावित किसी बात को मानने से हमास भी इनकार कर रहा है। हमास और हूती दोनों को ही ईरान से जबरदस्त समर्थन मिलता है।

**युद्धविराम एक बड़ी चुनौती**

गाजा में अब भी इजराइल तबाही मचा रहा है। बीते 24 घंटे में ही 113 लोगों की मौत की खबर है। अब तक गाजा में 27,438 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं इजराइली सेना का कहना है कि हमास अपनी क्षमता का विस्तार फिर से कर रहा था। इजराइल का कहना है कि उसके 100 लोग अब भी हमास के कब्जे में है। हमास इन बंधकों को रिहा करने को तैयार नहीं है। हमास का कहना है कि जब तक इजराइल अपनी गतिविधि पर विराम नहीं लगाता वे बंधकों के बारे में कोई बात नहीं करेंगे।

**इजराइल ने अमेरिका को भी दिखा दिया ठेंगा**

माना जाता है कि इजराइल के पीछे अमेरिका खड़ा रहता है। हालांकि बाद जब युद्धविराम की आई तो इजराइल ने अमेरिका को भी ठेंगा दिखा दिया। वहीं ईरान समर्थित उग्रवादी संगठन अमेरिका पर बौखलाए नजर आ रहे हैं। सऊदी के अधिकारियों का कहना है कि वे अब भी स्थिति को सामान्य करना चाहते हैं लेकिन फिलिस्तीनी राष्ट्र बनाने के लिए एक प्रभावी प्लान सामने रखा जाना चाहिए।

### पीएम मोदी सहित कई विश्व नेताओं ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

# ब्रिटेन के किंग चार्ल्स कैंसर से पीड़ित

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय के कैंसर से पीड़ित हैं। बकिंघम पैलेस ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।



राजा चार्ल्स के कैंसर से पीड़ित होने का पता चलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई देशों के नेताओं ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। पीएम मोदी ने 'द रॉयल फैमिली' के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा, "मैं भारत के लोगों के साथ महामहिम राजा चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।" बकिंघम पैलेस ने बयान में बताया था कि चार्ल्स प्रोस्टेट ग्रंथि की हाल में हुई जांच के दौरान कैंसर से पीड़ित पाए गए। उसने यह नहीं बताया कि 75 वर्षीय चार्ल्स को किस प्रकार का कैंसर है, लेकिन उसने बताया कि उनका इलाज शुरू हो गया है और वह पूरी तरह सकारात्मक महसूस कर रहे हैं। चार्ल्स के स्वास्थ्य की खबर आने के बाद ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने उनके 'शीघ्र स्वस्थ' होने की कामना की।




### ड्रैगन के खतरनाक प्लान का खुलासा

# चीन बना रहा रोबोट की सेना!

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन अपनी सीमा की सुरक्षा के लिए एक बड़ी चाल चलने वाला है। ऐसा लगता है कि चीन आधुनिक युद्ध में मानव सैनिकों को रोबोट से बदलने की कोशिश में लगा है। चीन ने योजना बनाई है कि अगले 10 सालों के भीतर विदेशों से जुड़े मिशन में वह रोबोट सैनिकों और ड्रोन का इस्तेमाल करेगा। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नए जमाने के ड्रोन विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों के साथ मिलकर काम कर रही है। यह ड्रोन इंसानों की जगह लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक ड्रोन में लंबी दूरी तक उड़ान भरने, गहरे पानी में जाने और लंबे समय तक अदृश्य रहने की क्षमता होगी।



**हमले के बाद पानी में गायब हो जाएंगे ड्रोन**

कमांड मिलने पर ये ड्रोन टार्गेट की ओर बढ़ेंगे और घातक हमला करेंगे और फिर पानी में जाकर लहरों में गायब हो जाएंगे। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की ओर से प्रकाशित किए गए एक पेपर में एक काल्पनिक विदेशी विशेष अभियान के प्लान की डिटेल दी गई है, जहां ऐसी उन्नत ड्रोन टेक्नोलॉजी का लाभ उठाया जा सकता है। इस परिदृश्य के मुताबिक 2023 में चीन और उसके एक पड़ोसी देश के बीच संघर्ष छिड़ जाता है। दोनों पक्ष कम खर्च रखने और व्यापक तनाव को रोकने के लिए केवल छोटे हथियारों, जैसे छोटी नावों, ड्रोन और विमान भेदी बंदूक का उपयोग करने पर सहमत हैं।

**ऐसे किया जाएगा हमला**

चीन और उसके दुश्मन के बीच बहुत गहराई वाली एक लंबी नदी बहती है। चीनी सेना को नदी के पार तेजी से चुपचाप हमला करने के लिए एक विशेष अभियान सौंपा गया है। यह टार्गेट एक महत्वपूर्ण सैन्य प्रतिष्ठान है जो नदी के किनारे छिपा है। पीएलए का तर्क है कि ऐसे मिशनों पर जाने के लिए बनाए गए ड्रोन सबसे अच्छे विकल्प होंगे। इन्हें विशेष अभियानों के लिए डिजाइन किया जाना चाहिए जो अकेले या झुंड में काम कर सकें। नदी की गहराई नेविगेट करनी चाहिए और दुश्मन की नावों पर टॉरपीडो लॉन्च करना चाहिए।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl